RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

# चेतना मंच

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी



पेज 7 फूड पॉइजनिंग की शिकार हुईं...

वर्ष : 26 | अंक : 207 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# कांवड़ रूट की हर दुकान पर 'नेमप्लेट'

## मुख्यमंत्री योगी का फरमान: हलाल सर्टिफिकेशन प्रोडक्ट बेचने पर होगा एक्शन

**लखनऊ ( एजेंसी )।** कांवड़ यात्रा के दौरान मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान अब यूपी के सभी कांवड़ रूट पर लागू होगा। 22 जुलाई से सावन का पावन महीना शुरू हो रहा है। सावन के पहले दिन से कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। कावंड यात्री हरिद्वार के लिए निकल पड़ेंगे, लेकिन यात्रा से पहले यूपी की योगी सरकार ने कांवड़ रूट के दुकानों-ठेले वालों के लिए एक आदेश जारी किया है. आदेश में कहा गया है कि सभी दुकानों, ठेलों पर अपना नाम लिखें जिससे कांवड़ यात्री जान सके कि वो किस दुकान से सामान खरीद रहे हैं।

तमाम विवादों के बीच सीएम योगी ने कांवड़ यात्रियों के लिए बड़ा कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा है कि पूरे उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्गों पर खाने पीने की दुकानों पर 'नेमप्लेट' लगानी होगी और दुकानों पर संचालक मालिक का नाम और पहचान होगा लिखना। कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है और हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचनेवालों पर भी कार्रवाई होगी।

यूपी सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस फैसले का बचाव करते हुए (शेष पृष्ठ-3 पर)









### भाईचारा बिगाड़ने की कोशिश : अजय राय



उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्गों पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर 'नेमप्लेट' लगाने के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यह बिल्कुल अव्यावहारिक है। वे समाज में भाईचारे की भावना को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लोगों के बीच दूरियां पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए।

### योगी सरकार का फैसला असंवैधानिक : मायावती



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी उप्र की योगी सरकार के फैसले पर सवाल उठाया है। मायावती ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि यूपी व उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कावंड़ मार्ग के व्यापारियों को अपनी-अपनी दुकानों पर मालिक व स्टाफ का पूरा नाम प्रमुखता से लिखने व मांस बिक्री पर भी रोक का यह चुनावी लाभ के लिए आदेश पूर्णतः असंवैधानिक है। धर्म विशेष के लोगों का इस प्रकार से आर्थिक बायकाट करने का प्रयास अति-निन्दनीय है। पश्चिमी यूपी व मुजफ्फरनगर जिला के कांवड़ यात्रा रूट में पड़ने वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश यह गलत परम्परा है जो सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। जनहित में सरकार इसे तुरन्त वापस ले।

### सांप्रदायिक तनाव बढ़ेगा : आरएलडी

योगी सरकार के इस फैसले पर भाजपा के सहयोगी दल आरएलडी ने भी नाराजगी जताई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामआशीष राय ने इसे सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाले फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि नाम और धर्म लिखना असंवैधानिक है इसे तुरंत वापस लेना चाहिए।

### मुसलमानों का बहिष्कार करने का संदेश : डा. हसन



समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि मुसलमानों का बहिष्कार करने और हिंदुओं की दुकानों पर जाने का संदेश दिया जा रहा है। यह सांप्रदायिक सोच कब तक चलेगी? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। दो समुदायों के बीच दूरी पैदा की जा रही है। इस तरह के आदेश रद्द किए जाने चाहिए।

## सीईओ ने कंचनजंघा मार्केट में नवनिर्मित टॉयलेट का किया लोकार्पण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने आज सेक्टर-51 स्थित कंचन जंघा मार्केट में नवनिर्मित पब्लिक टॉयलेट तथा यूरिनल्स का लोकार्पण किया।

सीईओ ने विधिवत फ ीता काटकर तथा जीएम आरपी सिंह ने नारियल तोड़कर पब्लिक टॉयलेट व यूरिनल्स का उदघाटन किया। इस मौके पर (एसीईओ) संजय खत्री जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आरपी सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक विश्वास त्यागी, टॉयलेट का निर्माण करनेव वाली मैसर्स चिनार इंपैक्टस के स्वामी संजय अदलखा समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने कहा कि जनता की सुविधाओं को देखते हुए इस शौचालय का निर्माण किया गया है। पूर्व में निर्मितशौचालय के काफी जर्जर अवस्था में होने के कारण आम जनता को काफी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पेड़ से लटका मिला शव

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा थाना बीटा -2 के पी- थ्री गोल चक्कर के पास एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस को पेड़ से लटका हुआ मिला है। पुलिस को आशंका है कि उसने आत्महत्या की है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात को थाना बीटा-2 पुलिस को सूचना मिली कि पी-3 गोल चक्कर के पास ग्रीन बेल्ट में एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मरने वाली की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जाती है। आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस अज्ञात शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

## पुलिस कस्टडी मौत पर प्रभावी रोक लगाएं : डीजीपी



**लखनऊ ( एजेंसी )।** पुलिस कस्टडी में बढ़ती मौतों के आकड़े एवं प्रताड़ना को लेकर यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में उन्होंने कहा की पुलिस कस्टडी में मौत एवं उत्पीड़न पर प्रभावी से रोक लगायी जाए। गंभीर रोग से ग्रस्त व्यक्ति एवं आरोपी को कतई थाना एवं पुलिस चौकी न लाया जाए। थाना एवं पुलिस चौकी लाए गए व्यक्ति या आरोपी अचानक बीमार होता है तो उसका पास के अस्पताल में तत्काल इलाज कराया जाए। डीजीपी प्रशांत कुमार ने जारी निर्देश में आगे कहा कि थाना एवं पुलिस चौकी प्रभारी की जानकारी के बिना किसी भी व्यक्ति या आरोपी को पुलिस (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पंखे से फंदा लगाकर लटकी महिला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक श्रीमती श्वेता पत्नी विजय चौहान मूल निवासी जनपद बरेली थाना बिसरख क्षेत्र के पतवारी गांव में रहती थी। बीती रात को उन्होंने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक महिला की शादी कुछ वर्ष पूर्व हुई थी, इसलिए अपर पुलिस उपायुक्त की मौजूदगी में शव का पंचायत नामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। महिला के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच करेगी।

## नोएडा से चोरी बाइक के साथ दबोचा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र में NRI कट के पास कल शाम ग्रेटर नॉएडा पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। शाम के समय शहर में गश्त लगाते वक्त उप निरक्षक उदयवीर सिंह ने एक अनजान शख्स को मोटरसाइकिल पर बैठे देखा। मोटरसाइकिल पर आगे वाली साइड नंबर प्लेट न होने पर पुलिस को शक हुआ। जांच करने पर पता चला की मोटरसाइकिल चोरी की है। ग्रेटर नोएडा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक NRI कट के पास एक शख्स मोटरसाइकिल पर बैठा था। देखने पर पता चला की मोटरसाइकिल के आगे नंबर प्लेट नहीं लगी है। पुलिस ने जब मोटरसाइकिल का नंबर इ चालान पर डालकर सर्च किया तो मोटरसाइकिल का गलत मिला। आरोपी की पहचान छत्रपाल (28 वर्ष) (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एक पेड़ 'अपने दिवंगत प्रियजन के नाम'

### 21 को अंतिम निवास में होगा पौधारोपण समारोह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-94 स्थित अंतिम निवास का संचालन करने वाली एनजीओ संस्था नोएडा लोक मंच ने एक अनूठी पहल पेश की है। नोएडा लोक मंच ने प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 'एक पेड़ माँ के नाम' की तर्ज पर 'एक पेड़ अपने दिवंगत प्रियजन के नाम' लगाने की मुहिम छेड़ी है। ताकि अंतिम निवास पर लगा हुआ पेड़ उनके प्रियजन की यादों को हमेशा तरोताजा करता रहे। वहीं पर्यावरण में भी सुधार हो सके।

नोएडा लोक मंच के अध्यक्ष महेश सक्सेना ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से अंतिम निवास में 21 जुलाई को सायं 4:00 बजे 4000 पौधे लगाए जाएंगे। हर पौधा किसी न किसी उस व्यक्ति की दिवंगत परिजनों के नाम लगाया जाएगा जिनका अंतिम निवास पर



संस्कार किया गया है। इस पौधारोपण कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग के निदेशक आनंद मोहन तथा शहर की सैकड़ों लोग मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया इस पहल को शहर के लोग सराह रहे हैं तथा लोग आगे बढ़कर इस मुहिम में साथ दे रहे हैं। उनका विश्वास है कि यह पल एक यादगार साबित होगा।

## 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' अब 22 जुलाई को

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

इस बार जनपद में संपूर्ण समाधान दिवस कल 20 जुलाई के स्थान पर सोमवार 22 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान ने दी है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 20 जुलाई 2024 (माह का तृतीय शनिवार) को एक ही दिवस में 36.50 करोड पौधारोपण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इस हेतु जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गयी है। अब 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' माह जुलाई, 2024 के तृतीय शनिवार 20 जुलाई के स्थान पर सोमवार 22 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

## आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी का गठन अगले सप्ताह

### कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ताओं को मिलेगी तरजीह : राकेश अवाना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आम आदमी पार्टी जनपद गौतमबुद्धनगर की कार्यकारिणी का गठन अगले हफ्ते तक हो जाएगा। पहली बार 21 सदस्यीय इस कार्यकारिणी में संगठन मंत्री का पद भी शामिल किया जाएगा।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश अवाना ने बताया कि अगले सप्ताह के अंत तक पूरी कार्यकारिणी तय कर दी जाएगी तथा शीर्ष नेतृत्व की मंजूरी के बाद घोषित भी कर दी जाएगी।

इस नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष



के अलावा 1 महासचिव, 4 वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, 11 सचिव, 1 संगठन मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।

श्री अवाना ने बताया कि 2027 के उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के मददेनजर जिले में कर्मठ व समर्पित टीम गठित की जाएगी। इसके अलावा संगठन विस्तार (शेष पृष्ठ-3 पर)

## उप्र युवा व्यापार मंडल के प्रादेशिक चुनाव 21 को, 30 जिलों की टीमें होंगी शामिल



निखिल अग्रवाल



मूलचंद गुप्ता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल का प्रादेशिक चुनाव 21 जुलाई दिन रविवार को सेक्टर-33 स्थित अग्रसेन भवन में होगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री निखिल अग्रवाल ने दी।

श्री अग्रवाल ने बताया कि सुबह 11 बजे होने वाले प्रादेशिक चुनाव में चुनाव अधिकारी मूलचंद गुप्ता सभी पदों की घोषणा करेंगे। इस मौके पर युवा व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी तथा सदस्य मौजूद रहेंगे।

चुनाव अधिकारी मूलचंद गुप्ता ने बताया कि इस चुनाव में प्रदेश के 30 जनपदों (शेष पृष्ठ-3 पर)

## फौजियों ने सांसद डा. महेश शर्मा पर जताया विश्वास

### प्राधिकरण व पुलिस अफसरों के बजाय सांसद को बताई सेक्टरों की समस्याएं

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अरूण विहार रेजीडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन (एवीआरडब्ल्यूए) ने सुरक्षा तथा पुलिस पेट्रोलिंग, पार्कों व ग्रीन बेल्ट में सुरक्षा व अन्य मांगों को लेकर सांसद डा. महेश शर्मा से मुलाकात करके उन्हें ज्ञापन सौंपा। आपको बता दें कि अरूण विहार में अधिकतर सेना के पूर्व अधिकारी रहते हैं। इन फौजियों ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डा. महेश शर्मा पर अपना भरोसा जताया है।



ज्ञापन में सेक्टर-28, 29 तथा 37 में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाये जाने, विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने, ग्रीन बेल्ट तथा पार्कों में शराबखोरी व नशेड़ियों के जमावड़ा पर रोक लगाने, मार्केट में दुकानें व रेस्तरां को रात में निर्धारित समय पर बंद करने, अरूण विहार आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों के साथ पुलिस तथा प्राधिकरण के अधिकारियों के संग नियमित बैठक करने आदि की समस्याएं रखीं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा





फ़ोन .08750611103

# आतंकवाद का नया कश्मीर

अब डोडा जिले की बारी है। राजौरी-पुंछ, कठुआ और डोडा सभी जम्मू संभाग के हिस्से हैं। बीते तीन सप्ताह के दौरान तीन आतंकी हमले हो चुके हैं। डोडा आतंकी मुठभेड़ में कैप्टन समेत चार सैनिक 'शहीद' हुए हैं। इससे पहले कठुआ में 'पुलवामा का सारांश' सरीखा हमला किया गया था, जिसमें 5 जवान शहीद हुए थे। बीते दो साल में 1 कर्नल, 3 कैप्टन, 5 मेजर समेत 10 अफसर कुर्बान करने पड़े हैं। हालांकि 2005 से 2021 तक जम्मू संभाग बिल्कुल शांत रहा। यह सेना प्रमुख से लेकर सत्ताधारी लोगों का मानना और दावा भी है, लेकिन अब जम्मू 'आतंकवाद का नया कश्मीर' बनता जा रहा है। पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल एवं उत्तरी कमान के प्रमुख जनरल रहे दीपेन्द्र सिंह हुड्डा का मानना है कि जम्मू संभाग के इस इलाके में मैदान कम और जंगल ज्यादा, घने हैं। डोडा में जहां आतंकी हमला हुआ, वहां पहाड़ के एक तरफ 200 वर्ग किमी का जंगल है, जबकि हमारा तलाशी अभियान सिर्फ 50 वर्ग किमी में ही चलता रहा है। कश्मीर में जंगल कम और बर्फ के पहाड़ ज्यादा हैं, लिहाजा आतंकियों पर दूर से भी नजर रखी जा सकती है। जम्मू के लिए हमें नई, आक्रामक रणनीति बनानी चाहिए। कश्मीर घाटी में इतने सुरक्षा बल आज भी हैं कि आतंकी हरकत करने के घंटे-दो घंटे में आतंकियों को ढेर किया जा सकता है। जम्मू में सुरक्षा बल अपेक्षाकृत कम हैं। आतंकी उसी का फायदा उठाकर भाग जाते हैं। जंगल इतने घने हैं कि हेलीकॉप्टर या ड्रोन से आतंकियों के सुराग नहीं लगाए जा सकते। बहरहाल यदि रणनीति बदलनी है, तो वह कब तक बदली जाएगी? अथवा हम शहादतों के आंकड़े गिनते रहेंगे? बेशक हमारे सुरक्षा बलों ने 2023 में 87 आतंकी और 3 जुलाई, 2024 तक 21 आतंकियों को ढेर किया है, लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है? आतंकी तो मरने के लिए या जेहाद की खातिर सीमा पार करके हमारे जम्मू-कश्मीर में घुसते हैं। उनके साथ मुठभेड़ में या आतंकी हमले में भारत के जो सैनिक 'शहीद' होते हैं, क्या उनका मूल्यांकन किया जा सकता है? क्या उनकी भरपाई की जा सकती है? एक लंबी, थकाऊ ट्रेनिंग और लाखों रुपए खर्च करके औसतन एक सैनिक तैयार किया जाता है। आखिर शहादत का यह सिलसिला कब तक चलेगा? क्या हमारे सैन्य ऑपरेशन आतंकियों और 'कश्मीर टाइगर्स' सरीखे आतंकी गुट को नेस्तनाबूद करने के मद्देनजर संचालित नहीं किए जा सकते? कठुआ वाला हमला भी इसी आतंकी गुट ने किया था। वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'जैश-ए-मुहम्मद' का जम्मू-कश्मीर में एक फर्जी, नकली नाम है। 'कश्मीर टाइगर्स' के आतंकी पाकिस्तान में भर्ती होते हैं, वहीं ट्रेनिंग लेते हैं और 'दिवालिया' पाकिस्तान ही उन्हें पैसा देता है। सवाल है कि ऐसे संगठन को जम्मू-कश्मीर की सरजमीं पर ही चित्त क्यों नहीं किया जा सकता? इन आतंकियों के जो मददगार 'स्थानीय जयचंद' हैं, उन्हें भी ढेर क्यों नहीं किया जा सकता? क्या भारत सरकार ने सैनिकों के हाथ बांध रखे हैं? 2021 से अब तक सेना और पुलिस के 52 जवान आतंकी हमलों में जान गंवा चुके हैं। इस पर संतोष किया जा सकता है कि 54 आतंकी भी ढेर किए गए हैं। इस पर क्या कहेंगे कि 70 से अधिक नागरिक भी मारे गए हैं। कश्मीर घाटी का ज्यादातर हिस्सा पाकिस्तान वाली नियंत्रण-रेखा से लगता है, लेकिन डोडा तो नियंत्रण-रेखा के करीब भी नहीं है, फिर वहां तक आतंकियों ने घुसपैठ कैसे की? जम्मू-कश्मीर में बहुत जल्द विधानसभा चुनाव होने हैं। कश्मीरी अपनी सरकार और प्रतिनिधि चुन सकेंगे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल होगी। उसके मद्देनजर आतंकवाद बढ़ा है। उसे कुचला जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने जो बयान दिया है और डीजीपी आरआर स्वैन को बर्खास्त करने की मांग की है, वह उनकी कुंठा है, क्योंकि वह पाकपरस्त रही हैं। आखिर स्वैन ने क्या कर दिया या क्या कह दिया? उनके सवाल स्वाभाविक हैं। ऐसी सियासत से जम्मू-कश्मीर का भला नहीं होगा।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ऐसे विकाररहित प्रभु के हृदय में रहते भी जगत के सब जीव दीन और दुःखी हैं। नाम का निरूपण करके ( नाम के यथार्थ स्वरूप, महिमा, रहस्य और प्रभाव को जानकर ) नाम का जतन करने से ( श्रद्धापूर्वक नाम जप रूपी साधन करने से ) वही ब्रह्म ऐसे प्रकट हो जाता है, जैसे रत्न के जानने से उसका मूल्य॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-निरगुन तें एहि भाँति बड़ नाम प्रभाउ अपार।**
**कहउँ नामु बड़ राम तें निज बिचार अनुसार॥**

इस प्रकार निर्गुण से नाम का प्रभाव अत्यंत बड़ा है। अब अपने विचार के अनुसार कहता हूँ, कि नाम (सगुण) राम से भी बड़ा है॥

**राम भगत हित नर तनु धारी। सहि संकट किए साधु सुखारी॥**
**नामु सप्रेम जपत अनयासा। भगत होहिं मुद मंगल बासा॥**

श्री रामचन्द्रजी ने भक्तों के हित के लिए मनुष्य शरीर धारण करके स्वयं कष्ट सहकर साधुओं को सुखी किया, परन्तु भक्तगण प्रेम के साथ नाम का जप करते हुए सहज ही में आनन्द और कल्याण के घर हो जाते हैं॥

**राम एक तापस तिय तारी। नाम कोटि खल कुमति सुधारी॥**
**रिषि हित राम सुकेतुसुता की। सहित सेन सुत कीन्हि बिबाकी॥**
**सहित दोष दुख दास दुरासा। दलइ नामु जिमि रबि निसि नासा॥**
**भंजेउ राम आपु भव चापू। भव भय भंजन नाम प्रतापू॥**

श्री रामजी ने एक तपस्वी की स्त्री (अहिल्या) को ही तारा, परन्तु नाम ने करोड़ों दुष्टों की बिगड़ी बुद्धि को सुधार दिया। श्री रामजी ने ऋषि विश्वामित्र के हित के लिए एक सुकेतु यक्ष की कन्या ताड़का की सेना और पुत्र (सुबाहु) सहित समाप्ति की, परन्तु नाम अपने भक्तों के दोष, दुःख और दुराशाओं का इस तरह नाश कर देता है जैसे सूर्य रात्रि का। श्री रामजी ने तो स्वयं शिवजी के धनुष को तोड़ा, परन्तु नाम का प्रताप ही संसार के सब भयों का नाश करने वाला है॥

(क्रमशः..)

# भारत में प्रतिवर्ष सृजित हो रहे हैं रोजगार के 2 करोड़ नए अवसर

आजकल विदेशी वित्तीय एवं आर्थिक संस्थान भारत के आर्थिक मामलों में अक्सर अपनी राय देने से चूकते नहीं हैं। अभी हाल ही में सिटीग्रुप इंडिया ने भारत की अपने बढ़ते कार्यबल के लिए पर्याप्त मात्रा में नौकरियां सृजित करने की क्षमता के मामले में चिंता जताई थी और एक प्रतिवेदन में कहा था कि भारत को आगामी दशक में प्रतिवर्ष 1.2 करोड़ नौकरियां सृजित करने की आवश्यकता है, जबकि वह प्रतिवर्ष केवल 80-90 लाख नौकरियां ही सृजित करने की राह पर आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। यह विदेशी वित्तीय एवं आर्थिक संस्थान अपनी आधी अधूरी जानकारी के आधार पर भारतीय अर्थतंत्र के बारे अपनी राय जारी करते दिखाई देते हैं क्योंकि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी एक प्रतिवेदन जारी किया गया है जिसके के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत में रोजगार के नए अवसर सृजित होने के मामले में 6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है और इस दौरान लगभग 4.7 करोड़ रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और देश में कार्य करने वाले नागरिकों की संख्या अब 64.33 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जबकि पिछले वर्ष यह वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत की रही थी। अब कहां सिटीग्रुप इंडिया की भारत में केवल 80-90 लाख नौकरियों के अवसर सृजित होने की राह पर की बात की है और कहां भारतीय रिजर्व बैंक की भारत में 4.7 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित होने की बात है, दोनों संस्थानों के आंकलन में भारी अंतर दिखाई देता है।

सिटीग्रुप इंडिया के भारत में रोजगार सृजित होने के संदर्भ में जारी उक्त प्रतिवेदन के जवाब में भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा भी पिरीआडिक लेबर फोर्स सर्वे एवं भारतीय रिजर्व बैंक के KLEMS डाटाबेस के आंकड़ों का प्रयोग करते हुए बताया गया है कि भारत में वर्ष 2017-18 से 2021-22 के बीच 8 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं, जो कि वर्ष 2020-21 में कोविड-19 महामारी के कारण होने वाले वैश्विक आर्थिक व्यवधानों के बावजूद प्रतिवर्ष औसतन 2 करोड़ से अधिक नौकरियां बनती है। इस जानकारी के उपयुक्त होने को PLFS डाटा से भी बल मिलता है जिसके अनुसार भारत में पिछले पांच वर्षों में रोजगार के अवसरों की संख्या, श्रमबल में नए प्रवेशकों की संख्या से अधिक रही है, जिससे देश में बेरोजगारी दर में लगातार कमी आ रही है। इन आंकड़ों के अनुसार, भारत में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 में 6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022-23 में 3.2 प्रतिशत पर नीचे आ गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 466,59,221 रोजगार के अवसर निर्मित हुए एवं वित्त वर्ष 2023-24 में देश में कुल रोजगार बढ़कर 64.33 करोड़ के स्तर को पार कर गया जो वर्ष 2022-23 में 59.66 करोड़ के स्तर पर था एवं वर्ष 2019-20 में 53.44 करोड़ के स्तर पर था।

उक्त आंकड़ों की सत्यता एवं विश्वसनीयता को और भी अधिक बल मिलता है जब इस संदर्भ में विभिन्न अनुपातों पर नजर डालते हैं। इससे ध्यान में आता है कि भारत में श्रमिक जनसंख्या अनुपात वर्ष 2017-18 के 46.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 56 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार भारत में श्रमिक सहभागिता दर भी वर्ष 2017-18 के 49.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 57.9 प्रतिशत हो गई है। जिसके चलते देश में बेरोजगारी की दर भी वर्ष 2017-18 में 6 प्रतिशत से गिरकर वर्ष 2022-23 में 3.2 प्रतिशत तक नीचे आ गई है। कृषि, आखेट, वानिकी, मछली पालन के क्षेत्र में वर्ष 2022-23 में 25.3 करोड़ व्यक्ति रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, जबकि वर्ष 2021-22 में 24.82 करोड़ व्यक्ति इन क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर रहे थे। इसी प्रकार वर्ष 2022-23 में निर्माण, व्यापार, यातायात एवं भंडारण के क्षेत्र मुख्य रोजगार प्रदाता क्षेत्रों में गिने जा रहे थे।



ASUSE के सर्वे में भी भारत में 56.8 करोड़ नागरिकों को रोजगार प्राप्तकर्ता बताया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के दशक के बीच में केवल 2.9 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराए जा सके थे जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के दशक के बीच 12.5 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। विनिर्माण एवं सेवा के क्षेत्रों में वर्ष 2004-2014 के दशक में 6.6 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराए गए थे जो वर्ष 2014 से 2023 के दशक में बढ़कर 8.9 करोड़ हो गए हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के क्षेत्र में भी कुल 20 करोड़ रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में कृषि के क्षेत्र में महिलाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर सृजित हो रहे हैं और यह संख्या 60 से 70 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक पहुंच रही है, क्योंकि पुरुष वर्ग अब रोजगार के लिए शहरी क्षेत्रों की ओर आकर्षित हो रहा है जहां उन्हें विनिर्माण एवं सेवा जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। दूसरे, कृषि के क्षेत्र में हो रही लगभग 4 प्रतिशत प्रतिवर्ष की औसत विकास दर के कारण भी कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर सृजित हो रहे हैं।

भारत के लिए एक अच्छी खबर यह भी है कि केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय एवं आर्थिक क्षेत्रों में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णयों के चलते अब देश में धीरे धीरे अनऔपचारिक अर्थव्यवस्था का आकार कम होकर, औपचारिक अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ रहा है जिसके चलते अब भारत में औपचारिक क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर अधिक मात्रा में निर्मित हो रहे हैं। EPFO द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1.3 करोड़ कामगारों ने EPFO की सदस्यता ग्रहण की है जबकि वित्तीय वर्ष 2018-19 में केवल 61.12 लाख कामगारों ने ही EPFO की सदस्यता ग्रहण की थी। पिछले लगभग साढ़े छह वर्षों में, सितंबर 2017 से मार्च 2024 के बीच, 6.2 करोड़ कामगारों ने EPFO की सदस्यता ग्रहण की है। EPFO के आंकड़ों में लगातार होने वाली वृद्धि से आश्य यह है कि देश में कम आय वाले रोजगार की तुलना में अधिक आय वाले रोजगार अब तेजी से बढ़ रहे हैं और यह अब अधिकतम औपचारिक क्षेत्र में ही सृजित हो रहे हैं। अनऔपचारिक क्षेत्र के कम आय के रोजगार ही अधिक संख्या में सृजित होते हैं। ASUSE सर्वे के अनुसार अब देश की अर्थव्यवस्था में औपचारिक श्रमिकों की संख्या 55 प्रतिशत तक पहुंच गई है जबकि PLFS सर्वे के अनुसार यह 61 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

केंद्र सरकार द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे प्रयासों एवं निजी एवं सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने के लिए दिए जाने वाले विभिन्न प्रोत्साहनों का असर भी अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। अब तो कई अन्य देश भी भारत से डाक्टरों, इंजीनियरों, आदि की मांग करने लगे हैं। जापान ने 2 लाख भारतीय इंजीनियरों की मांग की है तो इजराईल एवं ताईवान ने भी एक-एक लाख भारतीय इंजीनियरों की मांग की हैं। आस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी आदि विकसित देशों में तो पहिले से ही भारतीय डॉक्टर, इंजीनियर एवं एमबीए के क्षेत्र में कौशल हासिल भारतीयों की भारी मांग है। अब तो अरब देश भी भारतीय डॉक्टर, इंजीनियर एवं एमबीए के क्षेत्र में पारंगत भारतीयों पर अपनी नजर गढ़ाए हुए हैं।

कई निजी संस्थान दरअसल भारत में रोजगार से सम्बंधित आकड़ें प्रस्तुत करने में प्रामाणिक एवं विश्वसनीय सूत्रों का उपयोग नहीं करते हैं एवं अपने निजी हित साधने के उद्देश्य से उपलब्ध आंकड़ों से अपना निजी निष्कर्ष निकालकर जनता के सामने प्रस्तुत करते हैं, जो कई बार वस्तुस्थिति से भिन्न निष्कर्ष देते हुए दिखाई देता हैं। जबकि कुछ विश्वसनीय सूत्र जहां प्रामाणिक आंकड़े उपलब्ध हैं, में शामिल हैं, भारतीय रिजर्व बैंक, EPFO एवं PLFS आदि, इन संस्थानों द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार भारत में पिछले पांच वर्षों से बेरोजगारी की दर लगातार कम हो रही है। इसका आश्य यह भी है कि देश में प्रतिवर्ष रोजगार की मांग से रोजगार के अधिक अवसर सृजित हो रहे हैं, इसी के चलते ही तो बेरोजगारी की दर में कमी आ रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारत में ही उपलब्ध डाटा/जानकारी का उपयोग करके वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए देश में उत्पादकता का एक अनुमान लगाने का प्रयास किया गया है और जो 27 उद्योगों में उत्पादकता एवं रोजगार के आकलन पर आधारित है। इन उद्योगों को छह व्यापक क्षेत्रों में बांटा गया है, कृषि, माइनिंग और मछली पकड़ना, खनन और उत्खनन, विनिर्माण, बिजली, गैस और जल आपूर्ति, निर्माण और सेवाएं। इस विश्लेषण के लिए नैशनल स्टेटिस्टिकल ऑफिस, नैशनल सैम्पल सर्वे ऑफिस एवं ऐन्यूअल सर्वे ओफ इंडुस्ट्रीज सहित विभिन्न स्त्रोतों से आकड़ों को संकलित किया गया है, जो पूंजी (Capital-K), श्रम (Labour-L), ऊर्जा (Energy-E), सामग्री (Material-M) एवं सेवा (Services-S) KLEMS डाटाबेस का निर्माण करता है।

**- प्रहलाद सबनानी**
**सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक,**
**भारतीय स्टेट बैंक**

# गंधर्वपुरी में दो विशाल पुरातन प्रतिमाएँ और उनके परिकर

गंधर्वपुरी के संग्रहालय परिधि में तीर्थंकरों की दो विशाल प्रतिमाएं हैं, इनमें एक मूर्ति माताजी के मंदिर के पीछे एक टूटे मकान में जमीन में धंसी हुई खड़ी थी। इसे निकाले जाने पर विशाल निकली और इसी के साथ इसके दोनों ओर के चामरेन्द्रों की प्रतिमाएँ भी प्राप्त हुईं। इसे कोई शान्तिनाथ तो कोई महावीर की प्रतिमा बताते रहे हैं।

यह मूर्ति संग्रहालय में जमीन पर पड़ी कायोत्सर्ग मुद्रा में है। यह परिकर सहित लगभग 15-16 फीट की है। वर्तमान में यह संग्रहालय परिसर में प्रवेश करते ही बांयें ओर बाड़े में सीधी लेटी हुई कच्ची जमीन पर रखी है। इसका पादपीट और वितान छत्र, माल्यधारी आदि भग्न हैं जो इस शिलाखण्ड के साथ नहीं हैं। भूरे बलुआ पाषाण से निर्मित यह प्रतिमा बहुत सुन्दर है। कायोत्सर्गासनस्थ इस मूर्ति के परिकर में आसन के समानान्तर दोनों ओर यक्षी की प्रतिमाएँ हैं। दायीं ओर ललितासन में बैठी हुई यक्षी है। पाषाण क्षरित हो जाने से इसकी नक्कासी अधिक स्पस्ट नहीं है, तथापि दायें पैर पर बालक को बैठाये हुए, आम्रमंजरी, पत्र, फल गुच्छक आदि स्पष्ट देखे जा सकते हैं, जिससे ज्ञात होता है कि यह अम्बिका यक्षी की प्रतिमा है। मूलनायक तीर्थंकर प्रतिमा के बायें ओर भी यक्षी की मूर्ति ही है, यह भी ललितासन में बैठी है। चार भुजाओं वाली इस देवी के ऊपर के दो हाथों में चक्र हैं, दो अन्य भुजाएँ भग्न हैं। यह चक्रेश्वरी यक्षी संभाव्य है।

विशाल प्रतिमा के वक्ष पर सुन्दर श्रीवत्स है, दोनों ओर स्कंधों के पास का प्रभामण्डल अवशिष्ट है, उसका शेष भाग भी संग्रहालय परिसर में ही संरक्षित है। इस प्रतिमा के स्कंधों पर सुंदर केश लटकते हुए दर्शाये गये हैं, उनमें से तीन-तीन लटें कंधों पर आगे को लटकती हुई भी उत्कीर्णित हैं। इससे स्पष्ट है कि यह प्रतिमा प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ भगवान की है। पादपीठ के निकट चक्रेश्वरी यक्षी की मूर्ति भी इसे आदिनाथ की मूर्ति ही स्थापित करती है।

**द्वितीय विशाल प्रतिमा और विशाल प्रतिमाओं के परिकर**- स्थानीय संग्रहालय परिसर में ही बलुआ पाषाण की विशाल प्रतिमा कच्ची जमीन पर लेटी हुई रखी है। इस कायोत्सर्गस्थ प्रतिमा के चरण व पादपीठ भग्न और अनुपलब्ध हैं, परिकर भी नहीं है, अतः यह



प्रतिमा किन तीर्थंकर की है, यह निर्धारण नहीं किया जा सकता। अनुपलब्ध भाग सहित इसका उत्सेध लगभग 17-18 फुट रहा होगा। यह साढ़े 4 फुट चौड़ी है। यहाँ के परिसर में एक विशाल प्रभामण्डल का शेष भाग है उसकी नक्काशी और आकार से इस प्रतिमा का भग्न अवशिष्ट प्रभामण्डल मेल खाता है। इस प्रभामण्डल के ऊपर त्रिछत्रावली है और उसपर दुंदुभिवादक, संगीतमण्डली और गगनचर हैं, सभी खण्डित हैं, वह इसका ही भाग है।

**चामरेन्द्र युगल**- जो एक बड़ी प्रतिमा निकट के मकान में आधी जमीन में धंसी हुई मिली थी, कहते हैं जब उसकी खुदाई हुई तो उसके निकट जमीन में दो बड़े-बड़े प्रतिहारी-चॅवरवाहक भी प्राप्त हुए थे, इन्हें चामरेन्द्र भी कहा जाता है। वे भी इसी संग्रहालय में संग्रहीत हैं। सुन्दर नक्कासी द्वारा इन्हें आभूषणों से भूषित किया गया है। पैरों और कलाइयों में कड़े, सुन्दर अधोवस्त्र का पटका, कटिसूत्र, भुतबंध, भुजमाल, वनमाला, यज्ञोपवीत, गलहार, कंठी, स्तनसूत्र, कर्णावतंस, शिरोमुकुट आदि अलंकरणों से अलंकृत हैं।

**विशाल वितान भाग**- वितान अर्थात् प्रतिमा के परिकर का स्कंधों से ऊपर का शिल्पांकन। यह वितान भाग भी किसी विशाल प्रतिमा का है। इसमें सुन्दर तीन छत्र उत्कीर्णित हैं, दोनों ओर अभिषेक-गजलक्ष्मी के सवारयुक्त गज हैं, त्रिछत्र पर मृदंगवादक है, उसके दोनों ओर माल्यधारी देव उत्कीर्णित हैं और दुंदुभिवादक के ऊपर के स्थान में एक देवकुलिका में पद्मासनस्थ लधु जिन प्रतिमा उत्कीर्णित है।

**पादपीठ**- परिसर में ही यहाँ परकोटा के सहारे एक बड़ा पादपीठ रखा है, उसके ऊपर एक लघु प्रतिमा रखी है। यह पादपीठ भी इन्हीं दो बड़ी प्रतिमाओं में से एक का संभव है। इस पादपीठ में मध्य में धर्मचक्र है, उसके दोनों ओर सामने की ओर अग्रसित एक-एक गज है, उनके उपरान्त दोनों ओर एक-एक सिंह बैठा हुआ उत्कीर्णित है, तदोपरान्त दायें ओर यक्ष तथा बायें तरफ यक्षी है। दोनों चतुर्भुज हैं। यक्ष का मुख गाय के समान होने से यह प्रथम तीर्थंकर का यक्ष गोमुख प्रतीत होता है। बीच-बीच में स्तंभ उत्कीर्णित होने से सभी पादपीठस्थों की स्वतंत्र देवकुलिकाएँ हो गई हैं।

**विश्लेषणः**-1. दोनों प्रतिमाएँ बहुत सुन्दर हैं। बड़ी प्रतिमाओं के परिकर के चॅवरधारी आदि अलग शिलाओं में बनाकर उनके साथ स्थापित किये जाने की परम्परा भी रही है, परिसर में प्राप्त दो बड़े चॅवरधारी प्राप्त दो प्रतिमाओं में से किसी एक के संभाव्य हैं।

2. तीर्थंकर ऋषभनाथ-प्रतिमा के साथ आदिनाथ के यक्ष-यक्षी नहीं बल्कि केवल इनकी यक्षी चक्रेश्वरी उत्कीर्णित की गई है। दायीं ओर तीर्थंकर नेमिनाथ की यक्षी अम्बिका का अंकन है, जिसकी गोद में उसका शिशु दर्शाया गया है। अम्बिका और चक्रेश्वरी ही ऐसीं यक्षी हैं जिनकी भारी संख्या में स्वतन्त्र मूर्तियाँ निर्मित होने लगीं थीं और उनकी स्वतंत्र देवी के रूप में आराधना होने लगी थी। गंधर्वपुरी में ही 20 भुजाओं वाली एक सुन्दर सपरिकर चक्रेश्वरी यक्षी की प्रतिमा उपलब्ध है तथा चक्रेश्वरी यक्षी की तो पाँच सपरिकर स्वतंत्र सुन्दर मूर्तियाँ इसी संग्रहालय में संरक्षित हैं। अतः अम्बिका यक्षी की लोकप्रियता के कारण ही उसे तीर्थंकर ऋषभनाथ की बड़ी प्रतिमा के परिकर में स्थान दिया गया होगा।

**-डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज', इन्दौर**

# राशिफल

**आषाढ़ शुक्ल पक्ष : त्रयोदशी**

**(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
पराक्रम रंग लाएगा। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आर्थिक उन्नति करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान में अपनापन होगा और व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
ओजस्वी-तेजस्वी बने रहेंगे। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं उपलब्ध होंगी जीवन में। झगड़ा मोल न लें। बाकी स्वास्थ्य अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य बुझा-बुझा सा रहेगा। आमदनी के नए- नए जरिया बनेंगे। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय के नए स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। सरकारी तंत्र का साथ होगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान, व्यापार सबकुछ बहुत अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
परिस्थितियां अनुकूल होने लगी हैं। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रुओं का समन होगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भावुकता में आकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
गृह-कलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा। शिवजी को प्रणाम करते रहें।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों को जल्द मिलेगा पहला एसटीपी

- 80 करोड़ रुपये होंगे खर्च, ग्रेनो प्राधिकरण ने निकाले टेंडर
- निर्माण कार्य शुरू होने से डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य
- 23 अन्य विकास कार्यों के लिए भी 18 करोड़ रुपये के टेंडर



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए खुशखबरी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट का पहला एसटीपी शीघ्र बनने जा रहा है। करीब 80 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 45 एमएलडी शोधन क्षमता वाले एसटीपी के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर निकाल दिए हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराने की तैयारी है। इसका निर्माण कार्य डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इस एसटीपी के चालू होने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों व गांव के निवासियों को बड़ी राहत मिल जाएगी। इसके साथ ही प्राधिकरण ने 23 अन्य कार्यों के लिए लगभग 18 करोड़ रुपये के टेंडर निकाल दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों व गांवों के सीवर को शोधित करने के लिए एसटीपी की बहुत जरूरत है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने इस जरूरत को देखते हुए एसटीपी शीघ्र बनाने की अनुमति दे दी। सीवर विभाग ने एसटीपी बनाने के लिए टेंडर निकाल दिए हैं। प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि एसटीपी बनाने की इच्छुक कंपनियां 29 जुलाई तक आवेदन कर सकती हैं। 31 जुलाई को प्री क्वालीफिकेशन बिड खुलेगी। कंपनी का चयन कर कार्य को शीघ्र करने की तैयारी है। इसका निर्माण कार्य शुरू होने के बाद पूरा होने में लगभग डेढ़ साल लगेंगे। अब तक ग्रेनो वेस्ट में एसटीपी न होने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट की स्वच्छता के लिए इस एसटीपी की बहुत आवश्यकता थी। अब इसके जल्द मूर्त रूप में आने की उम्मीद है। इससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सभी गांव व सेक्टर इस एसटीपी से जुड़ जाएंगे। उनके घरों से निकलने वाला सीवर शोधित हो सकेगा। इसके साथ सेक्टर बीटा वन व टू के सामुदायिक भवन के आंतरिक विद्युतीकरण का कार्य, 6 प्रतिशत आबादी भूखंडों में एलईडी लगाने, 3 जोनल रिजर्वायर के इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल कार्य और जीआईएस मैपिंग के कार्य, सेक्टर 16बी व 16सी वितरण लाइन बिछाने का कार्य, ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में झूलों के मरम्मत के कार्य, सेक्टर दो में ओपन जिम के उपकरण लगाने आदि कार्य किए जाएंगे।

सीईओ एनजी रवि कुमार ने इन कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया को एक माह में पूरा कर निर्माण शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। इन कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही न करने की सख्त हिदायत दी है।

## श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रही भीड़



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नंगला चरण दास गांव में 14 जुलाई से श्रीमद् भागवत कथा चल रही है यह श्रीमद् भागवत कथा हर वर्ष नंगला चरण दास गांव में आयोजित की जाती रही है इसी कड़ी में 14 जुलाई से भाग्य कलश यात्रा के साथ कथा का आयोजन चल रहा है। कथा में हर रोज काफी संख्या में लोग पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं।

यह जानकारी कथा के आयोजक एवं भारतीय किसान यूनियन और अराजनैतिक के पूर्व महानगर अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया है कि वृंदावन से पधारे श्रीमद् भागवत कथा के मर्मज्ञ द्वारा कथा का आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को कथा का समापन होने के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नंगला चरण दास गांव के बारात घर में यह कथा का आयोजन चल रहा है।

# किसानों का अपमान करने वाले अधिकारी होंगे दण्डित : भाटी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने जारी अपने एक बयान में कहा है कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी एवं जिला प्रशासन के आला अफसर किसनों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह से गंभीर हो जाए और उनके समस्याओं को गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि यह देखा जा रहा है कि किसान अपनी समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर से लेकर तहसील एवं ब्लॉक में चक्कर काटते है। लेकिन उसके सुनवाई नहीं हो पाती उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा की सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर होकर अधिकारियों को काम करने की बात करती है वहीं सरकार के आदेशों की उल्लंघन करते हुए आधिकारिक किसनों की समस्याओं का समाधान करने की बात तो दूर रही उनसे मिलना भी उचित नहीं समझते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि हमारे देश के किसान विकास की कड़ी में अपनी अहम भूमिका निभाता रहा है उन्होंने कहा किसानों का अपमान भारतीय किसान यूनियन बलराज किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

उन्होंने अभी कहा कि नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी पूरी तरह से तानाशाही रहो यह पर उतारू है किसने की मूलभूत समस्याओं का भी समाधान होना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब-जब आंदोलन होता है इसकी पूरी जिम्मेदारी नोएडा संगठन के अधिकारियों की होती है।

# किसान सभा का प्रतिनिधि मंडल ने की मंडलायुक्त से मुलाकात



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान सभा का एक प्रतिनिधि मंडल कल मेरठ की मंडलायुक्त से मुलाकात की। भारतीय किसान परिषद का प्रतिनिधिमंडल डॉक्टर रुपेश वर्मा और सुखबीर खलीफा के नेतृत्व में मंडल आयुक्त से मिलने पहुंचा। मंडल आयुक्त से उनके चेंबर में विस्तार से चर्चा हुई। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कमिश्नर को अवगत कराया की ढाई लाख किसानों के साथ गौतमबुद्ध नगर के तीनों प्राधिकरणों में छल किया है। उन्हें 10 प्रतिशत आबादी प्लांट दिया जाना था जिसे पिछले 13 वर्षों से नहीं दिया गया है वर्ष 2011 में ठाकुर जयवीर सिंह की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने सभी समान रूप से प्रभावित किसानों को 10 प्रतिशत आबादी प्लाट देने की सिफारिश की थी परंतु प्राधिकरणों ने आज तक सिफारिश को लागू नहीं किया है जबकि कमेटी की पहली सिफारिश अतिरिक्त मुआवजा का वितरण कर दिया गया है।

10 प्रतिशत प्लाट नहीं मिलने से किसानों में भारी रोष है इसी कारण किसानों ने पिछले वर्ष लगातार आंदोलन किया था किसानों पर लाठीचार्ज जेल भेजने की कार्रवाइयों की गई थी किसानों ने दिल्ली कूच किया था जिसके परिणाम में उक्त कमेटी का गठन किया गया है। सुखबीर खलीफा ने कहा कि मैडम कमिश्नर को अवगत कराया गया है कि यदि 10 प्रतिशत की सिफारिश सरकार को नहीं की गई तो किसान बड़े पैमाने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

जयप्रकाश आर्य ने कहा कि किसान मरने मिटने को तैयार है लेकिन अपनी मांगों से पीछे नहीं हटेंगे। किसान सभा के महासचिव जगदबीर नंबरदार ने कहा कि इसी महीने कमेटी की सिफारिशें सरकार को दाखिल की जानी है, इसलिए किसान कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों से मुलाकात कर किसानों के 10 प्रतिशत प्लाट की मांग की गंभीरता को बताया है। गबरी मुखिया ने कहा कि नए कानून को गौतमबुद्ध नगर में लागू नहीं किया गया है। इस बारे में भी कमेटी को सिफारिश करनी है। इसलिए किसान 16 जुलाई को कमिश्नर मैडम से मिलने आए थे परंतु तब तक कमिश्नर मैडम अपने दफ्तर से निकल चुकी थी पुन: आज 18 जुलाई को उनके साथ अपॉइंटमेंट तैय हुआ जिसके सिलसिले में आज विस्तार से उनके साथ चर्चा हुई मैडम कमिश्नर ने किसानों की समस्याओं के संबंध में किसानों के पक्ष में सरकार को सिफारिश करने का आश्वासन दिया है। आज मिलने वालों में अजब सिंह भाटी, गुरप्रीत एडवोकेट, प्रवीण चौहान, उदल आर्य, जयप्रकाश आर्य, गबरी मुखिया, सुरेश यादव विजय यादव जगबीर नंबरदार संदीप भाटी नितिन चौहान सुरेंद्र पाल सिंह निशांत रावल सुधीर रावल, अजब सिंह नेताजी धर्मेंद्र एडवोकेट उपस्थित रहे।

# फर्जी रसीद का मामला बना चर्चा का विषय

**दनकौर( चेतना मंच )।** एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का अभियान चल रखे हैं वहीं दनकौर नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार से लोगों के काम नहीं हो रहे हैं।

बताया जाता है कि दनकौर नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत से सरकार द्वारा विकास के लिए आए पैसे में जमकर बंदर बांट हो रही है यही नहीं नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र प्रतिनिधि द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटने का भी काम किया जा रहा है।

नगर पंचायत की फर्जी रसीद पर काटी जा रही कॉलोनी इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। भाजपा का झंडा लगाकर पार्टी को बदनाम करने वाले ऐसे नेताओं पर पार्टी शीर्ष नेतृत्व को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

## भारत माता का वो लाड़ला सपूत जिसने अंग्रेजों को दिखाए दिन में तारे

**नोएडा।** भारत माता के लाखों प्रसिद्ध सपूत हुए हैं। भारत माता का एक सपूत ऐसा ही हुआ है जिसने अंग्रेजों को दिन में ही तारे दिखा दिए थे। भारत माता के इस वीर सपूत का नाम है मंगल पांडे। मंगल पांडे को बागी बलिया के सपूत के तौर पर भी याद किया जाता है। 19 जुलाई को मंगल पांडे की जन्म जयंती है। मंगल पांडे की जन्म जयंती पर उनके जीवन के कुछ अनछुए तथ्य जान लेते हैं।

मंगल पांडे भारत माता का वो लाड़ला सपूत था जिसने 1857 की क्रांति का बिगुल फूंका था। मंगल पांडे की हुंकार से अंग्रेज अफसर तथा अंग्रेज सैनिक थर-थर कांपा करते थे। बात मंगल पांडे की जयंती की करें तो मंगल पांडे के जन्मदिन को लेकर देश में एक अलग-अलग मत है। जहां बलिया के लोग उनका जन्मदिन 30 जनवरी को मनाते है तो उनके प्रामण पत्र के अनुसार उनका जन्म 19 जुलाई 1827 को हुआ था। सबको पता है कि 1857 के उस विद्रोह का जिक्र ना करें तो मामला कुछ अधूरा सा लगेगा।

## शराब तस्कर गिरफ्तार, 45 पाउच बरामद



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आबकारी निरीक्षक ने कल शाम अपनी टीम के साथ मिलकर अवैध शराब बेचने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए आरोपी के पास से एक कार्टून में 45 फ्रूटी पाऊच कैटरीना ब्रांड उत्तर प्रदेश मार्का बरामद की गयी।

यह मामला ग्रेटर नोएडा के थाना क्षेत्र कासना का है जहा आबकारी निरीक्षक नामवर सिंह सिरसा गोलचक्कर पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान आबकारी निरीक्षक को मुख़बिर से सूचना मिली कि डाढ़ा में एक व्यक्ति अवैध शराब बेचने के लिए खड़ा है। सूचना मिलते ही आबकारी निरीक्षक ने थाना कासना में फ़ोन कर अवैध शराब बेचने वाले व्यक्ति की सूचना दी और उसे धर दबोचने के लिए कुछ पुलिस वालों को साथ आने के लिए कहा।

मुखबिर आबकारी निरीक्षक को इकोटेक एक्सटेंशन-1 में स्थित मिर्ज़ा कंपनी के पास ले आया। मुखबिर ने पास ही में खली पड़े प्लाट की ओर इशारा कर बताया कि आरोपी पीली टी शर्ट पहन कर शराब लिए खड़ा है। जब आबकारिकर्मी और पुलिसकर्मी अपनी पहचान छुपाते हुए आरोपी को पकड़ने पहुचे तो एक व्यक्ति पेड़ के निचे पेली टी शर्ट पहने बैठा था। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से एक कार्टून में 45 फरूटी पाऊच कैटरीना ब्रांड उत्तर प्रदेश मार्का बरामद की गई।

पूछताछ में आरोपी की पहचान बबी निवासी ग्राम जटोला बुलंदशहर के रूप में हुई है। आरोपी ने बताया की वह कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों को शराब न मिलने के वक्त महंगे दामों पर बेचता था और अपना गुजरा करता था। बरामद की गयी अवैध शराब को पुलिस ने कब्ज़े में ले लिया है।


Adv. M. M. Mahajan

**IN THE COURT OF THE MEMBER, MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL, ISLAMPUR. AT-ISLAMPUR.**

**MAC. Application. No. 52/2022.**

**1) Smt. Ashwini Nikhil Salunkhe,** ....Applicants
Age. 30 years. Occu. House hold.
R/o. Mardwadi. Tal. Walawa. Dist. Sangali.

V/s.

**1. Shri. Mr. Rajesh Kumar,** .....Opponents
Age. Major, Occu. Business,
R/o. E-16 Sector-52, Uttar Pradesh, Noida.
Pin Code No. 201309. Telephone No. 9810272562.
Mail ID, sachinwahi34gmail.com

**3.Shri. Kadim Shoukat Ali,**
Age. Major. Occu. Business.
R/o. PO. Tilja, Khalilabad. Dist. Sant Kabir Nagar,
Uttarpradesh. Samiyana, Sant Kabir Nagar.
Pin. 27216. Uttar Pradesh.

To
The Opponent No. 1 and 3 resides as above.

Whereas the above named petitioners has made an application to this court, as per Sec. 166 and 140 of Motor Vehicle Act. 1988. You are hereby warned to appear in his court in person or by a Pleader duly instructed on the date of 16-8-2024 at 10:30 a.m. in the forenoon, to show cause against the said application failing in wherein, the said application will be heard and determined ex-party.

If you are intend to file written statement you must file it within 30 days or in extended period Uo. 8 Rule 1 of C.P.C. Also take notice in default of your filing on address for service on or before the date mentioned, you are liable to have defense stuck out If you have insufficient funds to meet our the court expenses and your income is not more than Rs. 20,000/- per year and you want to defend through an Advocate or legal practitioner. you can do so, through legal Aid Committee, which is at your District or Taluka place.

Given under my hand and the seal of the Tribunal this day of 18 July 2024.

**Sd/-** **Jr. Clerk** | Court Seal | **Sd/-** **Supdt. Dist. Court, Islampur**


## पृष्ठ एक के शेष....

**कांवड रूट की हर...**

कहा कि हरिद्वार गोमुख से देशभर का कांवड़िया जल लेकर अपने गंतव्य की तरफ जाता है और विशेष रूप से उन्हें मुजफ्फरनगर में आना पड़ता है। देखने में आया है कि कुछ लोग अपने दुकानों, ढाबों, रेस्टोरेंट के नाम हिंदू धर्म के नाम पर लिखते हैं जबकि चलाने वाले उनके मुस्लिम लोग होते हैं। वह मुस्लिम है हमें कोई आपत्ति नहीं है दिक्कत यहां आती है जब वह अपनी दुकान पर नॉनवेज बेचते हैं। हिंदू धर्म के वैष्णो ढाबा भंडार, शाकुंभरी देवी भोजनालय, शुद्ध भोजनालय ऐसा लिख करके वह नॉनवेज बेचते हैं। उसमें बड़ी आपत्ति होती है। मेरी जिला प्रशासन से डिमांड थी कि ऐसे ढाबों पर उन लोगों के नाम अंकित किए जाएं। इसमें आपत्ति क्या है?

**सीईओ ने कंचनजंघा...**

परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब उन्हें समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बता दें कि कंचनजंघा मार्केट में अधिक भीड़ के कारण पूर्व में निर्मित शौचालय में अधिक भीड़ रहती थी तब वहीं उनकी हालत भी जर्जर हो गयी थ। इसलिए यहां पर नया शौचालय व यूनिरल्स का निर्माण कराया गया।

**पुलिस कस्टडी मौत...**

चौकी एवं थाने न लाया जाए। अगर किसी व्यक्ति या आरोपी को थाने लाना है तो लिखापढ़ी के बाद लाया जाए। जिम्मेदार अफसर की मौजूदगी में ही पूछताछ हो और पूछताछ में मनोवैज्ञानिक तरीकों का प्रयोग धैर्यपूर्वक किया जाए। थाना प्रभारी की ओर से नामित अफ़सर ही पूछताछ करें और पूछताछ करने वाले की पूरी जानकारी रजिस्टर में दर्ज की जाए।

पूछताछ के दौरान किसी की तबीयत खराब हो तो यथासंभव फोटोग्राफी,वीडियोग्राफी भी करा ली जाए और तबीयत बिगड़ने पर किसी भी तरह से इलाज मिलने में देरी न हो। पुलिस कस्टडी में हुई मृत्यु की जानकारी 24 घंटे के अंदर मानवाधिकार आयोग को देनी होगी। पुलिस कस्टडी में मौत के संबंध में दर्ज मुकदमे की विवेचना निष्पक्षता से की जाए।

**फौजियों ने सांसद डा. ...**

सांसद डा. महेश शर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे सभी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस तथा प्राधिकरण के अधिकारियों से बात करेंगे।

इस मौके पर एवीआरडब्ल्यूए के चेयरमैन कर्नल आईपी सिंह, कर्नल सुभाष शर्मा, कर्नल जेपी सिंहस कैप्टन मुखर्जी, राकेश चंद, कर्नल मटटू, श्रीमती अंजना सोनी, सुश्री आहलुवालिया समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**उप्र युवा व्यापार मंडल...**

की पूरी टीम भाग लेगी। गौरतलब है कि उप्र युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने अपने प्रयासों तथा सभी के सहयोग से इस संस्था का परचम पूरे प्रदेश में लहराया है। हर सामाजिक कार्यों के अलावा व्यापारियों के हित में उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्य किसी से छिपे नहीं हैं।

**आम आदमी पार्टी की...**

तथा सदस्यता अभियान पर भी बल दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस बार कार्यकारिणी में उन्हीं को जिम्मेदारी दी जाएगी जो पार्टी के हर कार्यक्रम व अभियान में हमेशा तत्पर नजर आएंगे। निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी में जगह नहीं दी जाएगी।

**नोएडा से चोरी बाइक...**

निवासी शियोराजपुर थाना सूरजपुर के रूप में हुई है। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने इस बात की सुचना असली मोटरसाइकिल मालिक को दे दी है। असली मालिक से बातचीत में पता चला की उसकी मोटरसाइकिल एक महीने पूर्व जयपुरिया प्लाजा सेक्टर-26 नोएडा से चोरी हो गयी थी। आरोपी ने बताया कि उसने पकडे जाने के डर से मोटरसाइकिल की असली नंबर प्लेट को तोड़कर जंगल में फेंक दिया था और इस पर फ़र्जी नंबर प्लेट लगा दी थी।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com, raghuvanshirampal365@gmail.com, raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com





# डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 12 डिब्बे बेपटरी, 4 की मौत, 20 घायल

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले के झिलाही रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन (15904) के कम से कम 12 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है और कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं। गोंडा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी के लिए रेलवे और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि हादसा अपराह्न करीब ढाई बजे हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना



का संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्यों में तेजी लाने व घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को हर संभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आसपास के जिलों के सभी अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त के मुताबिक लखनऊ और बलरामपुर से एनडीआरएफ की एक-एक टीम गोंडा भेजी गई है। ट्रेन हादसे में बचाव कार्य के लिए 5 एम्बुलेंस तैनात की गई थीं और घटनास्थल पर और एम्बुलेंस भेजने के आदेश दिए गए हैं। घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए तीन जिलों से एसडीआरएफ की टीमें भेजी गईं।

## अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार दो की मौत, चार की हालत गंभीर

एजेंसी

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के चोपता-डूंगरी मार्ग पर कोटेश्वर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि एक कार अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, कार में छह लोग सवार थे जिसमें से दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य घायल हैं। एसडीआरएफ टीम ने सभी घायलों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां चारों उनका इलाज चल रहा है। साथ ही मृतकों के शव भी एसडीआरएफ ने खाई से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। बताया जा रहा है इस हादसे में मरने वाले और घायल सभी एक ही परिवार के हैं जिसमें चार महिलाएं और दो पुरुष थे। सभी मृतकों और घायलों की पहचान रुद्रप्रयाग के डूंगरी गांव के



निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को उन्हें आपदा कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि कोटेश्वर के पास चोपता-डूंगरी मार्ग पर एक कार 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई है। इसके बाद तुरंत पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कार्य शुरू किया। एसडीआरएफ की टीम ने बड़ी मुश्किल से रस्सी के सहारे खाई में उतर कर स्ट्रेचर की मदद से हादसे में घायल चार लोगों को बाहर निकाला।

## खास खबर

### डिपार्टमेंट स्टोर में लगी आग, 16 लोगों की मौत

**चेंगदू ।** चीन के सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर में एक डिपार्टमेंट स्टोर में आग लगने से मरने वालों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 16 हो गई। अग्निशमन और बचाव मुख्यालय ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि शहर के हाई-टेक जोन में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लगने की सूचना शाम करीब छह बजे मिली और घटनास्थल पर काफी मात्रा में घना धुआँ था।

### बैंकॉक घूमने गए 6 विदेशी मेहमानों की मौत

बैंकॉक। बैंकॉक घूमने गए 6 विदेशी मेहमानों की मौत हो गई। इन दोस्तों ने फाइव स्टार होटल में कमरा बुक किया था लेकिन कुछ ही घंटों बाद उनकी मौत हो गई। ब्लड टेस्ट रिपोर्ट ने सभी छह लोगों की मौत का राज आखिरकार सामने आ गया। थाई पुलिस ने कहा, सभी लोगों की मौत शायद साइनाइड से हुई। इन्हीं में से एक शख्स ने शायद सबको जहर दिया था। थाईलैंड की पुलिस ने कहा, इन लोगों ने जिन गिलासों से पानी पीया, उसमें साइनाइड पाया गया। इनके परिजनों से बातचीत करने पर पता चला कि कर्ज को लेकर इनके बीच काफी विवाद था। मरने वालों में 6 वियतनाम के रहने वाले थे, जिनके पास अमेरिकी पासपोर्ट भी था। बैंकॉक के पुलिस प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल थिति सांगसावांग ने मृतकों की पहचान दो वियतनामी अमेरिकियों और चार वियतनामी नागरिकों के रूप में की। मृतकों में तीन पुरुष और तीन महिलाएं थीं। जांच टीम ने बताया कि जब इन शवों को देखा गया तो इनके मुंह से झाग निकल रहा था।

### ऑस्ट्रेलिया में दो भारतीय छात्रों की मौत

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया में दो भारतीय छात्रों की झरने में डूबने से मौत हुई है। आंध्र प्रदेश के दो छात्र क्वींसलैंड केर्न्स के पास मिल्ला फॉल्स में तैरते समय डूब गए। बापटला जिले के चैतन्य मुप्पाराजू और आंध्र के प्रकाशम जिले के सूर्य तेजा बोब्बा जिसकी आयु 20 साल की थी ऑस्ट्रेलिया पढ़ाई के लिए गए थे। पानी में बहाव के चलते दोस्त को बचाने की कोशिश में दोनों की मौत हुई। दोनों भारतीय छात्र 16 जुलाई, 2024 को डूब गए। ऑस्ट्रेलियाई आपातकालीन सेवाओं को घटना की जानकारी मिली और आपातकालीन सेवा कर्मियों ने तुरंत कॉल का जवाब दिया। छात्रों की तलाश के प्रयास छात्रों को खोजने के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन वे तुरंत नहीं मिले। पुलिस ने खुलासा किया कि घटनास्थल पर एक और छात्र मौजूद था।

### कोयला खदान में हादसा, दो मजदूरों की मौत

**पेद्दापल्ली** ।तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में सरकारी कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज की एक कोयला खदान में एक हादसा हो गया, जिसमें दो मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि रामागुंडम ओपनकास्ट-2 खदान में जब मजदूर डीवाटरिंग पाइपलाइन की मरम्मत कर रहे थे, उस दौरान ही यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि बुधवार को हुए इस हादसे में करीब 46 और 58 साल के दो मजदूरों की मौत हो हुई है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी ने घटना पर संवेदना व्यक्त की।

# ईडी की 5 शहरों की 15 स्थानों पर छापेमारी

▸ बैंक घोटाला मामले में कांग्रेस विधायक पर कसा शिकंजा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह दिल्ली समेत पांच शहरों की 15 लोकेशन में छापामार कार्रवाई की है। 1392 करोड़ रुपये के बैंक घोटाला मामले में राजधानी दिल्ली गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़ और जमशेदपुर में 15 लोकेशन पर रेड मारी गई है। इस छापामार कार्रवाई से महेंद्रगढ़ विधायक रावदान सिंह और उनके परिवार व अन्य लोगों के खिलाफ शिकंजा कसा गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने 1392 करोड़ रुपए के बैंक घोटाला मामले में गुरुवार 18 जुलाई को 5 शहरों की 15



लोकेशन पर छापेमारी की है। ईडी की गुड़गांव टीम पीएमएलए के तहत महेंद्रगढ़ से विधायक राव दान सिंह, मेसर्स एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) के अक्षत सिंह और प्रमोटर मोहिंदर अग्रवाल और गौरव अग्रवाल के दिल्ली, गुड़गांव, महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़ और जमशेदपुर समेत कुल 15 स्थलों पर मौजूद आवास और व्यावसायिक ठिकानों में तलाशी अभियान चलाए हुए है। यह कार्रवाई मेसर्स एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड द्वारा 1392 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले से संबंधित बताई जा रही है। दरअसल 2022 में कंपनी के खिलाफ दर्ज सीबीआई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की गई थी। इस जांच में पाया गया कि विधायक राव दान सिंह का परिवार और उनकी कंपनियों ने मेसर्स एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड से लोन तो लिया लेकिन कभी लोन की रकम वापस नहीं की। इस बैंक लोन धोखाधड़ी की जांच का जिम्मा ईडी के साथ ही साथ सीबीआई को भी सौंपा गया है। यहां बतलाते चलें कि मेसर्स अलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड कंपनी विधायक रावदान और उनके परिवार से जुड़ी हुई है, जिसके जरिए 1392 करोड़ रुपये का लोन लिया गया था। ईडी की टीम महेंद्रगढ़ विधायक रावदान सिंह के आवास पर आज सुबह छापामार कार्रवाई करने पहुंची। टीम के साथ सुरक्षाकर्मियों की टीम भी मौजूद थी। इसी के साथ भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी माने जाने वाले विधानयक रावदान सिंह पर ईडी का शिकंजा कसता नजर आया है।

## 131वें दशहरा मेला का शुभारंभ

**कोटा ।** 131वें दशहरा मेला 2024 का शुभारंभ श्रीराम रंगमंच पर विधिवत गणेश पूजन के साथ हुआ। इस आयोजन में कोटा दक्षिण और उत्तर के बीजेपी पार्षदों ने दूरी बनाई है। इसमें प्रशासन का एक भी अधिकारी मौजूद नहीं रहा, न ही आयोजन को लेकर कोई व्यवस्था की गई। कांग्रेस पार्षदों ने आपस में पैसे जमा किए उसके बाद पंडित बुलाया गया, टेंट, प्रसाद और पूजन सामग्री की व्यवस्था की। कोटा के इतिहास में यह पहला मौका था जब आपस में चंदा इकठ्ठा कर गणेश पूजन, देवश्यनी एकादशी पूजन किया गया हो। इसके पहले दोनों पार्टियों के पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाते हुए पूजन करते आए हैं।

## चीन के हेनान में बाढ़ से हालात हुए खराब, बीजिंग में हाई अलर्ट

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन के हेनान प्रांत के एक छोटे शहर में अचानक बाढ़ आ गई। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां 24 घंटे में लगभग एक साल की बारिश हो गई। चरम मौसम की घटना दक्षिणी चीन से मध्य और उत्तरी प्रांतों की ओर बढ़ रहे तूफानों के बदलते पैटर्न का हिस्सा है। स्थानीय अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। राष्ट्रीय मौसम पूवार्नुमानकताओं की रिपोर्ट के मुताबिक नानयांग शहर की सीमा के भीतर एक शह दाफेंगयिंग में एक ही दिन में 606.7 मिमी (24 इंच) बारिश दर्ज की गई। यह मात्रा क्षेत्र की औसत वार्षिक वर्षा 800 मिमी के लगभग बराबर है। यह घटना की असाधारण प्रकृति दिखाती है। गंभीर मौसम को देखते हुए हेनान प्रांत के अधिकारियों ने नानयांग के लिए सबसे कड़े बाढ़ नियंत्रण उपाय लागू किए। मंगलवार देर रात तक भारी बारिश से उस क्षेत्र के प्रभावित होने की उम्मीद है जहां हेनान, शेडोंग और अनहुई प्रांत से मिलता है। चरम मौसम हेनान तक ही सीमित नहीं है। तूफान और अचानक बाढ़ की पूर्व चेतावनी जारी करने के बाद बीजिंग ने कई उपनगरीय ट्रेन लाइनों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया हैं। उत्तर-पश्चिमी प्रांत गांसु के कांग काउंटी ने बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया। भारी बारिश के कारण बाढ़ की चेतावनी दी गई है। मौसम के मिजाज में इस अचानक बदलाव से एक महीने पहले उत्तरी चीन में सूखी जैसी स्थिति देखी गई थी। जबकि दक्षिणी प्रांतों में अप्रैल से जून तक रेकॉर्ड बारिश हुई। अचानक इस तरह का बदलाव मौसम में परिवर्तन को दिखाता है।

## एक लाख का इनामी बदमाश एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में ढेर

एजेंसी

**शाहजहांपुर।** यूपी के शाहजहांपुर में एसटीएफ ने एक लाख के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश शहनूर उर्फ शानू पर हत्या लूट और डकैती के दर्जनों मामले दर्ज थे। वह संभल का शातिर बदमाश था। इलाके में उसकी तूती बोलती थी। एसटीएफ और बदमाश के बीच मुठभेड़ तिलहर थाना क्षेत्र के पिथनापुर गांव के पास देर रात को हुई। एसटीएफ की बरेली टीम को सूचना मिली थी कि शातिर बदमाश शहनूर उर्फ शानू शाहजहांपुर जिले में मौजूद है। इसके बाद एसटीएफ की टीम ने उसकी बाइक का पीछा किया। इस बीच थाना तिलहर के पिथनापुर गांव के पास बदमाश ने पिस्टल से एसटीएफ टीम पर फायर करना शुरू कर दिया। इसके बाद जवाबी फायरिंग में बदमाश को सीने में दो गोलियां लगी। घायल बदमाश को मेडिकल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश पर संभल जिले में अलग-अलग थानों में लूट हत्या और डकैती के 32 मामले दर्ज हैं। जिले में शहनूर का बहुत दबदबा था। मामले में एसपी अशोक कुमार मीणा का कहना है कि कल देर रात यूपी एसटीएफ की बदमाशों से मठभेड़ हो गई थी।

## 13 भारतीयों सहित 16 क्रू मेंबर लापता

**नई दिल्ली ।** ओमान से यमन की तरफ बढ़ रहा एक ऑयल टैंकर समुद्र में डूब गया है। दुक्म बंदरगाह के पास के डूबे इस टैंकर का नाम प्रैस्टीज फाल्कन बताया जा रहा है। इस जहाज पर 13 भारतीय और तीन श्रीलंकाई सहित कुल 16 क्रू मेंबर सवार हैं। इसकी लंबाई 117 मीटर है और इसे 2017 में बनाया गया था। ओमान समुद्री सुरक्षा केंद्र के मुताबिक इस जहाज पर अफ्रीकी देश कोमोरोज का ध्वज लगा हुआ है। यह टैंकर जब यमन की तरफ जा रहा था तभी पलट गया। इसके बाद यह डूब गया। जानकारी मिलते ही बचाव कार्य शुरू किया गया लेकिन अभी तक क्रू मेंबर की स्थिति का अभी कोई पता नहीं चला है।

# 100 विधायक लाओ, सरकार बनाओ : अखिलेश यादव

एजेंसी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद यूपी बीजेपी में अंदरूनी कलह देखने को मिल रही है, जिसको लेकर लखनऊ से दिल्ली तक बैठकों का दौर जारी है। बीजेपी में मची इस कलह के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मानसून ऑफर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- 100 लाओ, सरकार बनाओ। ऐसा नहीं है कि अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य को पहली बार ऑफर दिया है। केशव मौर्य जब-जब बीजेपी से या नेताओं से नाराज होते हैं तब-तब



अखिलेश ने उन्हें ऑफर देते है। अखिलेश ने कहा था कि वे आज भी 100 विधायक ले आएं तो सपा उन्हें सरकार बनाने में समर्थन करेगी। जब बीजेपी में अंदरूनी विवाद की खबर आई तो अखिलेश ने कहा था कि बीजेपी की कुर्सी की लड़ाई की गर्मी में उत्तरप्रदेश में शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। उन्होंने कहा था कि तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम बीजेपी दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वह अपने दल के अंदर कर रही है। इसीलिए बीजेपी अंदरूनी कलह के दलदल में धंसती जा रही है। जनता के बारे में सोचने वाला बीजेपी में कोई नहीं है। अखिलेश यादव के इस बयान पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा था कि देश और प्रदेश दोनों जगहों पर बीजेपी मजबूत संगठन और सरकार है। सपा का पीडीए धोखा है। उन्होंने दावा किया था कि यूपी में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है और बीजेपी विधानसभा चुनाव में 2017 दोहराएगी। बता दें हाल ही में बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई थी जिसमें बीजेपी नेताओं की कलह सामने आई। यहां डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा था कि संगठन सरकार से बड़ा है। कार्यकताओं का दर्द मेरा दर्द है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अति आत्मविश्वास ने लोकसभा चुनावों में बीजेपी को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा था कि 2014 और उसके बाद के चुनावों में बीजेपी के पक्ष में जितने फीसदी वोट थे, बीजेपी 2024 में भी उतने ही वोट हासिल करने में सफल रही है।

## भारत से लैंड अटैक ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा फिलीपींस

एजेंसी

**फिलीपींस।** फिलीपींस अब भारत से लैंड अटैक ब्रह्मोस मिसाइल भी खरीदेगा उसे चीन की तरफ तैनात करेगा। चीन लगातार समंदर में फिलीपींस पर बुरी नजर डाल रहा है। इसलिए फिलीपींस की तरफ से ये बात सामने आई है। फिलीपींस के मरीन कॉर्प्स का प्लान है कि वह अगले दो साल में भारत से दो और ब्रह्मोस बैटरी खरीदेगा। इन मिसाइलों को दक्षिण चीन सागर की तरफ मुंह करके तैनात करेगा। फिलहाल फिलीपींस के पास जो ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम है, उसमें तीन बैटरी है। हर बैटरी में चार लॉन्चर हैं। सबमें तीन मिसाइलें हैं इनकी रेंज 290 किलोमीटर है। फिलीपींस सेना जमीन से हमला करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल और नौसेना के लिए और मिसाइलें खरीदने की तैयारी कर रही है। इससे




भारत के रक्षा उद्योग को बढ़ावा मिलेगा साथ ही चीन की हिम्मत कम होगी कि वह फिलीपींस पर हमला नहीं कर सकेगा। चीन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए फिलीपींस ने दक्षिण चीन सागर की ओर दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का पहला बेस बना दिया है। फिलिपींस जब चाहे तब चीन के युद्धपोतों, ड्रोन्स, विमानों आदि को निशाना बना सकता है। यह बेस फिलीपींस के पश्चिमी लुजॉन में है। चीन की हरकतों से परेशान फिलीपींस ने भारत से मदद ली। इसने भारत से 2022 में 3131 करोड़ रुपए की डील की थी। दो साल बाद भारत ने फिलीपींस को दुनिया की सबसे तेज क्रूज मिसाइल सौंप दी है। फिलीपींस आकार में भारत से 996प्रतिशत छोटा है। आबादी मात्र 11.46 करोड़ है। फिलीपींस ने भारत से हासिल की मिसाइलों को ऐसी जगहों पर तैनात कर रहा है, जहां से चीन के हमलों का करारा जवाब दिया जा सके।

## कोयला खदान ढहने से तीन खनिकों की मौत

**कराची ।** पाकिस्तान में कोयला खदान ढहने से तीन खनिकों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना पेशावर से 35 किलोमीटर दूर स्थित दर्रा आदम खेल शहर में हुई। हादसे का शिकार हुए खनिक खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के शांगला जिले के रहने वाले थे। पुलिस के मुताबिक, बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों मृत खनिकों के शव निकाले। इसके अलावा, चार अन्य घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। घटना पर दुख व्यक्त कर खैबर-पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जाहिर की और घायल खनिकों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## भारत अपने राष्ट्र हित खुद तय करता है: रूसी विदेश मंत्री

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने वाली एक महान शक्ति है और मॉस्को के साथ उसके संबंधों को लेकर उस पर पूरी तरह से अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत एक महान शक्ति है, अपने राष्ट्रीय हितों को खुद तय करता है, अपने दोस्त खुद चुनता है, और हम जानते हैं कि भारत पर पूरी तरह से अनुचित दबाव डाला जा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रधानमंत्री मोदी की मास्को यात्रा के दौरान कहा था, हमने भारत के रूस के साथ संबंधों के बारे में अपनी चिंताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है। भारत एक रणनीतिक साझेदार है जिसके साथ हम स्पष्ट बातचीत करते हैं, और



इसमें रूस के साथ संबंधों के बारे में हमारी चिंताएं भी शामिल हैं। लावरोव ने भारत के विदेश मंत्री द्वारा रूस से ऊर्जा उत्पाद खरीदने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, मेरे सहयोगी सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने पश्चिमी देशों के दौरे के बाद रूस से अधिक तेल खरीदने के सवालों के जवाब में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा था कि पश्चिमी देश भी रूस से गैस खरीद रहे हैं, प्रतिबंधों के बावजूद। लावरोव ने कहा, और फिर उन्होंने कहा था कि भारत खुद तय करेगा कि उसे किसके साथ व्यापार करना है और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कैसे करनी है।लावरोव ने पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को यात्रा की आलोचना के खिलाफ रूस के साथ भारत के संबंधों, विशेष रूप से ऊर्जा सहयोग का बचाव करते हुए कहा, मुझे लगता है कि भारत जो कर रहा है सही कर रहा है। लावरोव ने प्रधानमंत्री मोदी की मॉस्को यात्रा के बारे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेन्स्की की टिप्पणी को बहुत अपमानजनक कहा। उन्होंने कहा कि भारत ने यूक्रेन के नई दिल्ली स्थित राजदूत ओलेक्सांद्र पोलिशचुक को विदेश मंत्रालय में बुलाया और जेलेंस्की की टिप्पणी पर विरोध जताया था। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट किया था।

# वैज्ञानिकों ने खोजा विशाल ग्रह, महासागर होने की संभावना

▸ पृथ्वी से करोड़ों किमी दूर मिला एलियन प्लैनेट

एजेंसी

**न्यूयार्क ।** अमेरिकी वैज्ञानिकों ने ऐसे ग्रह का पता लगाने का दावा किया है जिस पर पृथ्वी की तरह विशाल महासागर होने की संभावना है। वैज्ञानिकों का यह दावा अगर यह सही साबित होता है, तो हमें हमारे सौरमंडल के बाहर एक और ऐसा ग्रह मिल जाएगा, जहां जीवन मुमकिन है।

नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप की बदौलत वैज्ञानिकों ने इस ग्रह को खोजा है। अब तक सौरमंडल के बाहर 5,000 से



अधिक ग्रह खोजे जा चुके हैं, लेकिन उनमें से केवल कुछ ही ग्रह गोल्डीलॉक्स जोन में हैं, जहां पानी हो सकता है, जो जीवन के लिए एक प्रमुख तत्व है। गोल्डीलॉक्स जोन से मतलब ऐसे स्थानों से है, जो ना तो बहुत गर्म हो और ना बहुत ठंडा।नासा के जेम्स टेलिस्कोप ने जिस ग्रह को खोज निकाला है, उसे ह्यएक्सोप्लैनेट एलएचएस 1140 बीह्न का नाम दिया गया है। बताया जा रहा है यह अब तक मिले कुछ रहने योग्य क्षेत्र में से एक है और 2017 में पहली बार खोजे जाने के बाद से इसकी गहन जांच की गई है। यह एक्सोप्लैनेट पृथ्वी से 48 प्रकाश वर्ष दूर है, जो 450 ट्रिलियन किलोमीटर (280 ट्रिलियन मील) से अधिक के बराबर है। हालांकि, अंतरिक्ष की विशाल दूरी से तुलना करें, तो इसे करीब ही माना जाएगा।

एक्सोप्लैनेट को मिनी-नेपच्यून नामक एक छोटे गैस का विशालकाय ग्रह माना जाता था, जिसका वातावरण हाइड्रोजन और हीलियम से इतना घना था कि यहां एलियन जीवन भी संभव था।हालांकि, वेब टेलीस्कोप के नए अवलोकनों ने पुष्टि की है कि एक्सोप्लैनेट वास्तव में एक चट्टानी सुपर-अर्थ है। एक स्टडी के अनुसार, यह पृथ्वी से 1.7 गुना बड़ा है, लेकिन इसका द्रव्यमान 5.6 गुना है। वेब टेलीस्कोप ने ग्रह के तारे के सामने से गुजरते समय एक्सोप्लैनेट के वातावरण का विश्लेषण किया। वहां हाइड्रोजन या हीलियम का कोई संकेत नहीं था, जिससे यह पता चलता है कि ग्रह एक मिनी-नेप्च्यून था।

## ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार, पुलिस कर रही थी तलाश

एजेंसी

**मुंबई।** ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनके परिवार भी विवादों में घिरता नजर आ रहा है। पुणे पुलिस ने अब पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को रायगढ़ के पास महाड से हिरासत में लिया गया है जहां वह एक होटल में ठहरी हुई थीं। जानकारी के मुताबिक तीन टीमें मनोरमा को पुणे लेकर आ रही हैं। पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर के खिलाफ भूमि विवाद में मामला दर्ज किया गया है। पुणे पुलिस उनकी तलाश कर रही थी और सर्च ऑपरेशन चला रही थी। दरअसल, पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक जमीनी विवाद को लेकर वह हाथ में बंदूक लिए कुछ लोगों को धमका रही थीं। ये वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मनोरमा और उनके पति दिलीप खेडकर समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मनोरमा के अलावा पूजा खेडकर के रिटायर्ड पिता दिलीप खेडकर के खिलाफ के खिलाफ भी एंटी करप्शन ब्यूरो को सबूत मिले हैं कि उन्होंने अपनी सेवा के दौरान आय से ज्यादा संपत्ति हासिल की है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एबीसी) के सूत्रों ने बताया कि पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर ने महाराष्ट्र सरकार में 2020 में महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के डायरेक्टर पद से रिटायर हुए थे।



## पहली भिड़ंत पाकिस्तान से

# जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

नई दिल्ली। गत चैम्पियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशिया कप के पहले मैच में शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी और अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिये इस टूर्नामेंट को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के प्रारूप में जीत दर्ज की है। महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसने 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है और हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढाने का होगा। इस महीने कर शुरूआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गया। पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया था। भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिये जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है। स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है।

पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा दर को कप्तान बनाये रखा है लेकिन टीम में काफी बदलाव किये गए हैं। ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरूब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है जबकि तस्मिया रूबाब पदार्पण करेंगी। ग्रुप ए में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का भी सामना पहले दिन होगा । दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। नेपाल 2016 के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहा है जबकि यूएई का यह लगातार दूसरा टूर्नामेंट है।

### भारत

हरमनप्रीत कौर ( कप्तान ), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना ।

### पाकिस्तान

निदा दार ( कप्तान ), आलिया रियाज, डायना बेग, फातिमा सना, गुल फिरोजा, ईरम जावेद, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तूबा हसन।



## श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान

# सूर्या बने टी-20 टीम के कप्तान

### ▸▸ रोहित शर्मा-विराट कोहली खेलेंगे वनडे

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवर सीरीज के लिए गुरुवार को भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया। स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को भारतीय टी-20 की कमान सौंपी गई है। सूर्या ने कप्तानी की रेस में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को पछाड़ा है। सूर्या के टी-20 वर्ल्ड कप 2026 तक बागडोर संभालने की संभावना है। 'हिटमैन' रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे सीरीज में खेलेंगे। बता दें कि टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद 'हिटमैन' रोहित और कोहली और रविंद्र जडेजा ने टी-20 इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। जडेजा को भी सीरीज में आराम दिया गया है। श्रेयस अय्यर की भारतीय टीम में वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी इंटनरेशनल मैच फरवरी 2024 में खेला था। भारत को 27 जुलाई से तीन मैचों की टी-20 सीरीज पल्लेकेले में खेलनी है। दो अगस्त से कोलंबो में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।



### भारतीय टी-20 टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज।

### भारतीय वनडे टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

# सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर बरकरार

### जायसवाल छठे स्थान पर पहुंचे



दुबई। आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं जबकि युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायवाल छठे स्थान पर पहुंच गए। रुतुराज गायकवाड़ टी20 बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान के नुकसान से आठवें पायदान पर हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 श्रृंखला में भारत की 4-1 की जीत के बाद रैंकिंग को अपडेट किया गया है। श्रृंखला में 141 रन बनाने वाले जायसवाल को चार स्थान का फायदा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे हैं। सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में जिंबाब्वे दौरे पर भारतीय टीम की अगुआई करने वाले शुभमन गिल पांच पारियों में 170 रन बनाकर श्रृंखला के शीर्ष स्कोरर रहे। वह 36 स्थान की लंबी छलांग के साथ 37वें स्थान पर हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में कोई भारतीय शीर्ष 10 में नहीं है। जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला से अक्षर पटेल को ब्रेक दिया गया था और वह चार स्थान के नुकसान से 13वें स्थान पर खिसक गए हैं। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और वाशिंगटन सुंदर को रैंकिंग में फायदा हुआ है। तीन मैच में आठ विकेट चटकाने वाले मुकेश 36 स्थान के फायदे से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पांच मैच में आठ विकेट हासिल करने वाले सुंदर 21 स्थान की छलांग के साथ 73वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं।



## पेरिस ओलंपिक सेमीफाइनल पर तैराक श्रीहरि नटराज की नजरें



नई दिल्ली। पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा। नटराज ने कहा, 'मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा।' उन्होंने कहा, 'इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया।'

# जय शाह कब बनेंगे आईसीसी के बॉस?

नई दिल्ली। आईसीसी एजीएम (वार्षिक आम बैठक) शुक्रवार से शुरू हो रही है। क्या बीसीसीआई सचिव जय शाह आईसीसी के बॉस बनेंगे? एजीएम में सभी की निगाहें इसपर होंगी। टीम इंडिया का पाकिस्तान जाना एजेंडे में नहीं है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के कोलंबो में शुक्रवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय वार्षिक सम्मेलन के दौरान सभी की निगाहें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह पर होंगी जहां इस बात पर गंभीर चर्चा हो सकती है कि वह न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले से वैश्विक संस्था के अध्यक्ष का पद कब संभालेंगे। शुक्रवार को बोर्ड की बैठक के साथ शुरू होने वाले आईसीसी सम्मेलन में वैश्विक संस्था द्वारा अमेरिका में टी20 विश्व कप मैचों की मेजबानी में दो करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक के नुकसान पर चर्चा होने की उम्मीद है। हालांकि, एजीएम (वार्षिक आम बैठक) के नौ सूत्रीय एजेंडे में टूर्नामेंट का वित्तीय विवरण







शामिल नहीं है, लेकिन बोर्ड द्वारा 'कार्यक्रम के बाद की रिपोर्ट' के रूप में इस पर चर्चा की जाएगी जो एक मानक संचालन प्रक्रिया है। आईसीसी की सदस्यता, एसोसिएट सदस्यों की बैठक की रिपोर्ट और आईसीसी विकास पुरस्कार प्रस्तुति पर चर्चा के साथ-साथ आईसीसी के नए बाहरी लेखा परीक्षक की नियुक्ति भी एजेंडे में है। एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदू- चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत का पाकिस्तान नहीं जाना - आईसीसी बोर्ड के आधिकारिक एजेंडे का हिस्सा नहीं है जब तक कि इसे 'कोई अन्य काम' वर्ग के तहत अध्यक्ष की अनुमति से नहीं लाया जाता। हालांकि, चीजों की जानकारी रखने वाले आईसीसी के एक सूत्र ने कहा कि आईसीसी में सभी की मुख्य रूप से इसमें है कि शाह वैश्विक संस्था की बागडोर कब संभालेंगे। आईसीसी सूत्र ने कहा, "यह कैसे के बारे में नहीं है, बल्कि कब के बारे में है क्योंकि बीसीसीआई सचिव के रूप में उनके पास अब भी एक साल बचा है जिसके बाद संविधान के अनुसार भारतीय बोर्ड में उनका ब्रेक (कूलिंग ऑफ पीरियड) 2025 में शुरू होगा। हालांकि, अगर उन्हें 2025 में पदभार संभालना है तो बार्कले दिसंबर 2024 से दिसंबर 2026 तक दो साल का अपना तीसरा कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे।" उन्होंने कहा, "एक विचारधारा यह है कि क्या होगा यदि आईसीसी की अध्यक्षता का कार्यकाल दो-दो साल के तीन कार्यकाल से बदलकर तीन-तीन साल के दो कार्यकाल हो जाए, तो कुल कार्यकाल छह साल ही रहेगा।" माना जा रहा है कि अगर बार्कले का मौजूदा कार्यकाल तीन साल का होता है तो शाह बीसीसीआई सचिव के रूप में छह साल पूरे कर सकते हैं और फिर 2025 में तीन साल के लिए आईसीसी चेयरमैन बन सकते हैं जबकि उस दौरान बीसीसीआई में उनका ब्रेक शुरू होगा। फिर 2028 में वह बीसीसीआई में वापसी करके बोर्ड अध्यक्ष बन सकते हैं।

### BCCI से लेना होगा इतना ब्रेक

### एजेंडे में नहीं टीम इंडिया का पाकिस्तान जाना

# ECB के सीईओ ने BCCI सचिव जय शाह को लिखा पत्र

### दो राष्ट्रीय दिव्यांग टीम बनाने का रखा प्रस्ताव

नई दिल्ली। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने अपने समकक्ष बीसीसीआई सचिव जय शाह को पत्र लिखकर दो राष्ट्रीय दिव्यांग टीम बनाने का प्रस्ताव दिया है जिससे समुदायों में इस खेल को लोकप्रिय बनाने में मदद मिल सके। इसमें एक दृष्टिबाधित (नेत्रहीन) और एक संयुक्त (शारीरिक रूप से विकलांग, बौद्धिक रूप से विकलांग और श्रवण बाधित) टीम बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। इस समय भारत में एक 'डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया' (डीसीसीआई) है जो बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की एक उप समिति है। लेकिन भारतीय बोर्ड स्वतंत्र रूप से कोई टूर्नामेंट आयोजित नहीं करता है। कोलंबो में आईसीसी सालाना कांफ्रेंस के दौरान कुछ चर्चा होगी जिसमें गोल्ड को मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक में हिस्सा लेना है। गोल्ड ने एक पत्र लिखा है जिसे ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकले, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नासिर और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फ्लेट्सी मोसेकी को भी भेजा गया है।उन्होंने इसमें लिखा, 'हम बोर्ड को दो अंतरराष्ट्रीय टीमें संचालित करने का प्रस्ताव देते हैं जिसमें एक दृष्टिबाधित एकादश हो जबकि दूसरी अखिल विकलांगता प्रारूप की टीम जिसमें बधिर, बौद्धिक रूप से विकलांग और शारीरिक रूप से विकलांग क्रिकेटर शामिल हों।'

# गंभीर ने केकेआर के प्रशंसकों को दिया भावुक संदेश



कोलकाता। भारतीय टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मेंटर पद छोड़ने के बाद प्रशंसकों से भावुक विदाई ली है। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद गंभीर को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। गंभीर और केकेआर का साथ काफी पुराना है। उन्होंने पहले अपनी कप्तानी में टीम को दो बार आईपीएल का खिताब दिलाया था और फिर मेंटर के तौर पर भी सफलता दिलाने में सफल रहे थे। गंभीर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया और फैंस का आभार व्यक्त किया। गंभीर ने सोशल मीडिया पर दो मिनट 30 सेकेंड के वीडियो में कोलकाता के साथ अपने बॉन्ड की बात की। उन्होंने बताया कि किस तरह टीम की जीत उनकी जीत होती थी और जब कोलकाता के प्रशंसकों के आंखों में आंसू होते थे तो वो भी अपने आंसू नहीं रोक पाते थे। मालूम हो कि गंभीर दो सीजन तक लखनऊ सुपरजाएंट्स के भी मेंटर रहे थे और इसी सीजन वह दोबारा कोलकाता टीम से जुड़े थे। गंभीर श्रीलंका के खिलाफ इस महीने के अंत में होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज से कार्यभार संभालेंगे। गंभीर ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'चलिए कोलकाता, नई विरासत का हिस्सा बनें। यह कोलकाता और केकेआर के प्रशंसकों के लिए समर्पित हैं। बंगाल क्रिकेट संघ का विशेष रूप से आभार।' उन्होंने कहा, जब आप हंसते हैं, मैं भी हंसता हूं। जब आप रोते हैं, मैं भी रोता हूं, आपकी जीत, मेरी जीत है और आपकी हार में मेरी हार है। जब आप सपने देखते हैं, मैं भी ऐसा करता हूं, आपकी उपलब्धि ही मेरी उपलब्धि है। मैं आप पर भरोसा करता हूं और मैं आप हूं, मैं आपका हूं कोलकाता।

### 'मैं आप में से ही एक हूं'

उन्होंने कहा, आपकी ही तरह असफलता मुझे दर्द देती है। मैं आशा के साथ फिर उठता हूं, गिरता हूं, लेकिन आपकी तरह हार नहीं मानता। वे मुझे लोकप्रिय बनने के लिए कहते हैं और मैं उन्हें विजेता बनने के लिए कहता हूं। मैं आप हूं कोलकाता, मैं आप में से ही एक हूं। ये कोलकाता की हवाएं मुझसे बात करती हैं। ये आवाज, यहां के स्ट्रीट और ट्रैफिक जाम, ये सभी बताते हैं कि आपको कैसा लगता है। आप जो कहते हैं, मैं सुनता हूं, लेकिन मुझे पता है आप क्या चाहते हैं। मुझे पता है आप भावुक हैं और मैं भी, मुझे पता है आप मांग करते हैं। कोलकाता हमारे बीच एक रिश्ता है, हम एक कहानी हैं, हम एक टीम हैं।

### कार्यकाल के लिए मांगा सहयोग

गंभीर ने केकेआर के फैंस से भारतीय टीम के मुख्य कोच के कार्यकाल के लिए सहयोग मांगा है। उन्होंने वीडियो संदेश में कहा, और अब समय आया है जब हम विरासत को आगे बढ़ाएंगे। समय आ गया है जब हमें कुछ बड़ी और दिलचस्प स्क्रिप्ट लिखनी है। यह स्क्रिप्ट पर्पल स्याही से नहीं, बल्कि नीली स्याही से लिखी जाएगी। हम दोनों ही नई शुरुआत करने जा रहे हैं, तो हम एक दूसरे से वादा करते हैं कि हम कभी अकेले नहीं चलेंगे। हम हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, हाथ से हाथ मिलाकर चलेंगे। यह तिरंगे के लिए होगा, यह हमारे भारत के लिए होगा।

# बर्थडे पर ईशान शिरडी पहुंचे





साईं बाबा के मंदिर पहुंचकर लिया आशीर्वाद

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन आज अपना 26वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर ईशान किशन भारतीय बल्लेबाज आशीर्वाद लेने के लिए शिरडी स्थित श्री समाधि मंदिर गए। ईशान किशन ने सोशल मीडिया पर मंदिर की तस्वीरें शेयर की है। ईशान किशन के लिए ये साल बेहद निराश करने वाला रहा है। पिछले साल तक भारतीय टीम के लिए तीनों फॉर्मेट में जगह बना चुके ईशान किशन ने 2024 में एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। इस साल की शुरुआत में श्रेयस अय्यर के साथ किशन को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के केंद्रीय अनुबंधों से बाहर रखा गया था।भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन ने इंस्टाग्राम पर मंदिर की तस्वीरें शेयर की और लिखा, "श्रद्धा और सबुरी।₹ श्रेयस अय्यर और ईशान को बीसीसीआई की चेतावनी के बावजूद घरेलू क्रिकेट में न खेलना भारी पड़ गया। दोनों को इसकी कीमत सालाना केंद्रीय अनुबंध से बाहर होकर चुकानी पड़ी। ईशान किशन ने पिछले साल साउथ अफ्रीका के दौरे के बीच मानसिक थकान के कारण ब्रेक मांगा था।

# संजू सैमसन के बैट से विलेज क्रिकेट खेल रहे संगाकारा

### चहल से मांगे पैड, भारतीय क्रिकेटर ने किया रिएक्ट



नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगाकारा ने सोशल मीडिया पर शेयर एक वीडियो में बताया है कि वह इंग्लैंड में विलेज क्रिकेट खेलने के दौरान उनके बल्ले का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिस पर भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने रिएक्ट किया है। सैमसन ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर राजस्थान रॉयल्स का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें संगाकारा कह रहे हैं कि वह यूके में विलेज क्रिकेट सैमसन के बल्ले से खेल रहे हैं। श्रीलंका के दिग्गज ने युजवेंद्र चहल से भी कुछ क्रिकेट किट की मांग की है, जोकि उन्होंने देना का वादा किया था। संगकारा ने राजस्थान रॉयल्स द्वारा शेयर वीडियो में कहा, "मेरे गांव के क्रिकेट में, मेरे पास संजू के दो बल्ले हैं। उन्होंने बहुत दयालुता दिखाते हुए मुझे अपने दो बल्ले दिए, क्योंकि मेरे पास उनसे जुड़ी कोई यादगार चीज नहीं है। घर पर कोई बल्ला नहीं था, कुछ भी नहीं। युजी (युजवेंद्र चहल) अगर तुम ये देख रहे हो, तुम्हे याद होगा कि तुमने मुझे कुछ किट देने का वादा किया था। इसलिए याद रखो। मैं उसका भी इंतजार कर रहा हूं।"कुमार संगाकार को अपने बल्ले से खेलता देख संजू खुशी से झूम उठे। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "कुमार संगाकार मेरे बल्ले से खेल रहे हैं, हाहाहा... ये सपना है।" संजू और संगाकारा की जोड़ी ने आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स को दूसरे प्लेऑफ तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

# पूरे गांव का अधूरा सपना सच करने के लिए खेलेंगे 'गाजीपुर के राजकुमार'

नई दिल्ली। करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है। वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिए रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का मौका नहीं। इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिए नहीं खेल पाए। राजकुमार ने अपने पहले ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले इंटरव्यू में कहा, 'हम तीनों भाई हॉकी खेलते हैं। बीच वाले भाई भारतीय टीम के शिविर में रह चुके हैं और बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर पर खेले हैं। दोनों भारत के लिए नहीं खेल सके और अब एक रेलवे से और एक सेना से खेलते हैं।' अभावों के बीच अपने कोच तेज बहादुर सिंह की मदद से हॉकी के शौक को परवान चढ़ाने वाले 26 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा, 'मेरे गांव के मैदान से 400 से ज्यादा लड़कों को हॉकी के जरिए नौकरी मिल गई लेकिन इस स्तर पर कोई नहीं खेला। मेरे गांव के लोगों की नजरें मुझ पर है और मैं अपने भाइयों और उन सभी के अधूरे सपने पूरा करने के लिए पेरिस में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।' दस बरस की उम्र में करमपुर के मेघबरन स्टेडियम से हॉकी के अपने सफर की शुरूआत करने वाले राजकुमार ने 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर 23 टूर्नामेंट में खेला और 2020 में भारतीय टीम में पदार्पण किया। अब तक 53 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके राजकुमार के पिता कल्पनाथ का 2011 में एक सड़क हादसे में निधन हो गया था। राजकुमार ने कहा, 'वह दो साल परिवार के लिए बहुत कठिन थे और मुझे लगा था कि अब आगे नहीं खेल पाऊंगा लेकिन मेरे परिवार ने हार नहीं मानी। तोक्यो ओलंपिक में मेरा चयन नहीं हो सका था लेकिन उससे निराश हुए बिना मेहनत की तो अब पेरिस जा रहा हूं। जब पेरिस में मैदान पर उतरूंगा तो यह सब कुर्बानियां याद रखूंगा।' उन्होंने कहा, 'जब ओलंपिक टीम में चयन की खबर मिली थी तो अपना अतीत याद करके मेरे आंसू निकल गए और पिताजी को बहुत याद किया। घर पर फोन किया तो मम्मी भी रो पड़ी थी।





गुड़हल के पौधे पर लगे हुए फूल लोगों को बहुत अच्छे लगते हैं। मगर बदलते मौसम के साथ ही गुड़हल का पौधा मुरझाने लग जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप पहले से ही कुछ बातों का ध्यान रखें। इससे ना ही आपके गुड़हल के पौधे पर कीड़े लगेंगे और ना ही वो मुरझाएगा। आइए जानते हैं गुड़हल के पौधे को हमेशा हरा-भरा रखने के लिए क्या करना चाहिए।

# गुड़हल के पौधे को रखें हमेशा हरा-भरा

### गुड़हल के पौधे के लिए स्प्रे

गुड़हल के पौधे और पत्तियों में किड़े लग जाए तो इसके लिए आप नीम के तेल से स्प्रे तैयार करके इस्तेमाल करें। इसके लिए आपको 1 बाउल पानी लेना है और उसमें 1 चुटकी बेकिंग सोडा, 1 चम्मच शैम्पू और 2-3 बूंदें नीम के तेल की मिलाकर सप्रे तैयार करना है। अब इस स्प्रे को पौधे पर हफ्ते में एक बार जरूर स्प्रे करें।

गुड़हल के पौधे को लगाते वक्त सही मिट्टी लगाने के साथ-साथ आपको 4-6 महीने में दोबारा पौधे की मिट्टी बदलनी चाहिए। अगर आप मिट्टी बदल नहीं रहे हैं, तो खुरपी की मदद से उसे अच्छी तरह से खुरेच दें। इसके बाद मिट्टी में खाद आदि मिलाएं और उसे फ्रेश कर दें। इस ट्रिक की मदद से गुड़हल के पौधे से जुड़ी आदी परेशानियों खत्म हो जाएंगी।

### गुड़हल के पौधे की कटींग

बहुत से लोग गुड़हल के पौधे पर लगी 1-2 खराब पत्तियों को इग्नोर कर देते हैं। ऐसा करना गलत है। कोशिश करें कि आप गुड़हल के पौधे पर जैसे ही कोई पत्ती या हिस्सा खराब हो, उसे काट दें। ऐसा करने से आपका पौधा हमेशा हरा-भरा रहेगा।

### गुड़हल के पौधे में डालें इनो

इन सभी टिप्स के साथ-साथ गुड़हल के पौधे में इनो को पानी डालें। हफ्ते में 1 बारी इस ट्रिक को फॉलो करने पर आपके पौधे से किड़े भाग जाएंगे और पौधे पर ढेर सारे फूल खिलेंगे।

# हरी मिर्च के फायदे

## वजन कंट्रोल करने से लेकर ग्लोइंग स्किन तक

### मेटाबॉलिज्म तेज करता है

हरी मिर्च में कैप्सेसिन नाम का कंपाउंड पाया जाता है। जो मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, इससे कैलोरी जल्द बर्न होती है, साथ ही ये बॉडी टेम्प्रेचर को भी मेटेंन रखती है।

### ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मददगार

हरी मिर्च के सेवन से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए रामबण है।

### दर्द निवारक

हरी मिर्च में मौजूद कैप्सेसिन नाम का कंपाउंड दर्द निवारक के रूप में काम करता है। इसके सेवन से अर्थराइटिस जैसे दर्द से आराम मिलता है।

### पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद

हरी मिर्च में पाया जाने वाला कैप्सेसिन नाम का कंपाउंड आंतों में हेल्दी बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है, जिससे पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है।

### स्किन के लिए फायदेमंद

विटमिन-सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसमें बीटा-कैरोटीन के गुण भी होते हैं, जिसके सेवन से स्किन पर ग्लो आता है और झुर्रियां कम होती है।

### अल्सर में मिलती है राहत

रोजाना एक हरी मिर्च के सेवन से करने से अल्सर की समस्या नहीं होती। इससे मुंह और पेट के अल्सर से राहत मिलती है, क्योंकि हरी मिर्च शरीर के टेम्प्रेटर को मेंटेन रखती है।

### भूख नियंत्रित करने में कारगर

जिस खाने में आप हरी मिर्च का इस्तेमाल करते हैं, इससे भूख आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। जिससे वजन कम होने में भी मदद मिल सकती है।





# पुरानी साड़ी को अलग-अलग कामों के लिए इस्तेमाल

घर में मौजूद किसी भी चीज को फेंकने से बचें। बहुत बार हम सामान को खराब समझकर फेंक देते हैं, जो गलत है। बता दें कि आप दूध के पैकेट से लेकर कपड़ों तक को दोबारा इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए जानते हैं पुरानी साड़ी की मदद से आप कैसे अलग-अलग काम कर सकते हैं।

### पुरानी साड़ी से बनाएं पर्दा

पुरानी साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करने का सही तरीका है कि आप उससे घर के अलग-अलग हिस्सों के लिए पर्दे बना लें। अगर आपकी ओपन किचन है या रसोई में विंडो है, तो आप उसके लिए भी पुरानी साड़ी से पर्दे बना सकते हैं।

आपको बस साड़ी के सही हिस्से को पर्दे का आकार देना है। इसके बाद आप उसे पर्दे की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। कोशिश करें कि आप बहुत लाइट रंग की साड़ी को पर्दे की तरह इस्तेमाल ना करें।

### पुरानी साड़ी से बनाएं फ्रिज का कवर

पुरानी साड़ी की मदद से आप फ्रिज का कवर भी बना सकते हैं। फ्रिज पर बार-बार लगने वाली धूल-मिट्टी एक समय के बाद नए फ्रिज को पुराना बना देती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप पुरानी साड़ी को फ्रिज के कवर का आकार दें और उसपर एक्स्ट्रा पॉकेट भी लगाएं।

ऐसे में कवर से फ्रिज साफ भी रहेगा और उसमें आप छोटा-मोटा सामान भी रख पाएंगे। फ्रिज के हैंडल पर लगने वाले जिद्दी दागों से बचने के लिए आप साड़ी से फ्रिज के हैंडल के लिए भी कवर बना सकते हैं।

### पुरानी साड़ी से करें बर्तनों को साफ

पुरानी साड़ी को आप रसोई के गीले बर्तनों को साफ करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको किचन के लिए अलग से डस्टर नहीं लेना पड़ेगा। इसके साथ-साथ आप पुरानी साड़ियों से रसोई की गंदगी भी साफ कर सकते हैं।

### किचन अलमारी के लिए करें यूज

इन सभी टिप्स के साथ-साथ आप पुरानी साड़ी को किचन के कामों के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। कॉकरोच जैसी समस्याओं से रसोई को बचाने के लिए यह एक बहुत अच्छा तरीका है।



# डाइजेशन को सुधारने के लिए इलायची चाय

हम जो भी खाते हैं, उसका सही से पचना बहुत जरूरी है। अगर खाना ठीक से नहीं पचता है, तो न केवल इससे डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं हो सकती है, बल्कि इसका असर आपके पूरा शरीर पर होता है। खाने का सही से पचना, इससे शरीर को जरूरी न्यूट्रिएंट्स और एनर्जी मिलना व अपशिष्ट पदार्थों का शरीर से बाहर निकलना बहुत जरूरी है। जब खाना ठीक से नहीं पचता है, तो शरीर को जरूरी पोषण भी नहीं मिलता है और इससे मोटापा भी बढ़ता है। मेटाबॉलिज्म कमजोर होने पर खाना ठीक से नहीं पचता है। जिससे अपच, गैस, ब्लोटिंग और एसिडिटी हो सकती है।

- अगर आपको खाने के बाद पेट में भारीपन महसूस होता है, खाना ठीक से नहीं पचता है और लंच के बाद इलायची चाय पिएं।
- यह डाइजेशन को सुधारती है और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करती है।
- इलायची वाली चाय केवल स्वाद में ही अच्छी नहीं होती है, बल्कि इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण मेटाबॉलिज्म और डाइजेस्टिव सिस्टम को दुरुस्त रखते हैं।
- इसमें फाइबर भी अधिक मात्रा में पाया जाता है। इसलिए यह खाना पचाने के साथ कब्ज, गैस और एसिडिटी भी दूर करती है।
- कुछ लोगों को गैस की वजह से खाने के बाद उल्टी और पेट दर्द महसूस होता है, ऐसे में आप इस चाय को जरूर पिएं।
- इलायची में सोडियम, पोटेशियम, फाइबर, प्रोटीन और विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। डाइजेशन सही करने के अलावा, इसकी चाय के और भी कई फायदे हैं।
- मौसम बदलने पर अगर आप सर्दी, खांसी और शरीर के दर्द से परेशान हैं, तो भी यह चाय मदद कर सकती है।
- पेट में गर्मी, जलन और एसिडिटी को भी यह दूर करती है।



ऐसे माता या पिता जिनके छोटे बच्चे होते हैं, जब वे Work from home स्कीम के तहत घर से काम करते हैं। तो इसमें वे ऑफिस की जरूरी वीडियो कॉल के समय अपने बच्चों को संभालने की कोशिश करते हैं या फिर किसी टास्क को पूरा कर रहे होते हैं। हालांकि, बच्चे नटखट हो सकते हैं और आपके काम में बाधा भी उत्पन्न कर सकते हैं। इससे बच्चे आपके कामों को समय से पूरा करना कठिन भी बना सकते हैं। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि अपने बच्चे का मनोरंजन करने के साथ साथ देखभाल करना असंभव है। कुछ ऐसे तरीके हैं जिसे इस्तेमाल से लाने से आप आसानी से काम कर सकते हैं।

# घर से काम करते समय बच्चों की ऐसे करें देखभाल

- बच्चों को देखभाल और ध्यान की आवश्यकता इसलिए होती क्योंकि उन्हें स्कूल, खेल और अन्य गतिविधियों के लिए आपको ही ले जाना पड़ सकता है।
- घर से काम करते समय अपने बच्चों को खाना, कपड़े और अन्य जरूरतों की आवश्यकता हो सकती है। साथ ही आपको ऑफिस का काम भी देखना पड़ सकता है। इस बीच समय का सही तालमेल बिठाना जरूरी हो सकता है।
- घर से काम करते समय बच्चों की देखभाल करना एक चुनौती हो सकती है, लेकिन यह संभव है। पैरेंट को अपने काम और बच्चों की देखभाल के बीच संतुलन बनाने के लिए कुछ योजना बनाने की आवश्यकता होती है।
- अपने काम के समय को सारणी बनाकर व्यवस्थित तरीके से निर्धारित करें। इसके लिए काम करने और बच्चों की देखभाल के समय का खास निर्धारित कर सकते हैं। टाइम मैनेज करें ताकि आप काम भी कर सकें और बच्चों को भी ध्यान दे सकें।
- अपने बच्चों को अपने काम में शामिल करें। अपने बच्चों को अपने काम में शामिल करके उन्हें जिम्मेदारी और आत्मविश्वास का अनुभव कराने में भी मदद कर सकते हैं। उन्हें छोटे-छोटे काम सौंपें, जैसे कि खुद से डायपर बदलना, थोड़े बहुत कपड़े धोना या साफ सफाई करना।
- आपने बच्चों के साथ सामूहिक खेल खेलने का प्रयास करें, जैसे कि बोर्ड खेल, पहेलियां और कहानियां सुनाना। इससे बच्चे मनोरंजन के साथ-साथ कुछ नया भी सीख सकते हैं।
- अगर आपको सहायता की आवश्यकता पड़ती है, तो दोस्तों, परिवार के सदस्यों, किसी रिश्तेदार, या नर्सरी की मदद ले सकते हैं।
- बच्चों को सामाजिक संबंध बनाने और अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का अवसर दें। इससे आपके बच्चे आपको काम करने में परेशान भी नहीं करेंगे साथ ही वे एंजॉय कर सकते हैं।

# बेड की लकड़ी को दोबारा चमकदार बनाने के टिप्स

घर के किसी भी हिस्से की तरह फर्नीचर भी अक्सर पुराना और गंदा हो जाता है। ऐसा होने पर आप लोग बेड पर पॉलिश करवाते हैं, जिस वजह से खर्चा होता है। मगर क्या आपको पता है कि आप घर में मौजूद चीजों की सहायता से भी बेड की लड़की को चमकदार बना सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ आसान हैक्स।

### जैतून के तेल से बेड को बनाएं साफ

लकड़ी के फर्नीचर को भी आप जैतून के तेल की मदद से चमकदार बना सकते हैं। जैतून के तेल की मदद से सामान बहुत चमकदार बन जाता है। इसके लिए आपको जैतून का तेल लेना है और नींबू का आधा रस मिलाना है। अब इस इस लिक्विड से कपड़े को गीला करें और फर्नीचर को साफ करें।

### बेड पर लगे दाग कैसे हटाएं?

बेड की लकड़ी पर अक्सर गंदे दाग लग जाते हैं, जिसे आप बेकींग सोडा की मदद से साफ कर सकते हैं। बेकिंग सोडा में सिरका मिलकर बहुत स्ट्रांग और असरदार हो जाता है, जिससे बेड पर लगे निशान अच्छे से साफ हो जाते हैं।

### नारियल के तेल से बेड की लकड़ी को करें साफ

नारियल का तेल भी बेड की लकड़ी को चमकाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है आपको बस एक बाउल में पानी लेना है और उसमें 1 चम्मच नारियल का तेल डालें। अब आप इस लिक्विड को पूरे बेड पर लगाएं।





हम सभी अपने घर में प्लांट्स को जरूर रखते हैं। कुछ लोग घर के अंदर तो कुछ घर के बाहर प्लांट्स रखना पसंद करते हैं। आमतौर पर, प्लांट्स रखते समय हम सबसे पहले यह देखते हैं कि उसे सही तरह से धूप मिले। इस वजह से कई बार हम अपनी मनपसंद जगह पर प्लांट नहीं रख पाते हैं।अगर आपके साथ भी अक्सर यह समस्या होती है तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे कई प्लांट्स होते हैं, जिन्हें छाया में भी रखा जा सकता है। ये प्लांट्स को हल्की धूप से भी अच्छी तरह खिलते हैं। वहीं, अगर इन्हें धूप नहीं भी मिलती है तो भी इन्हें खिलने में परेशानी नहीं होती है।

# बिना सनलाइट भी कभी मुरझाएंगें नहीं ये प्लांट

### फ़र्न

फर्न की कई प्रजातियां हैं, जो अलग-अलग साइज और शेप में अवेलेबल हैं। इसलिए, इन्हें डिफरेंट गार्डन स्टाइल के लिए सलेक्ट किया जा सकता है। वे लगातार नम मिट्टी वाले शेडेड या फिर हल्के शेडेड एरिया में आसानी से रख सकते हैं।

### कोरल बेल्स

अगर आप छायादार एरिया में ग्रीनरी शामिल करना चाहते हैं तो ऐसे में कोरल बेल्स लगाना भी अच्छा विचार हो सकता है। इन पौधों में रंग-बिरंगे पत्ते होते हैं, जो छायादार एरिया को भी खूबसूरत बनाने मेंअ मदद करता है। उन्हें आंशिक से लेकर पूरी तरह से छायादार हिस्से में रखा जा सकता है। हालांकि, इनकी लगातार ग्रोथ के लिए फूलों के डंठलों को खिलने के बाद ट्रिम करना ना भूलें।

### एस्टिल्ब्स

एस्टिल्ब्स एक बेहद ही खूबसूरत पौधा है, जिस पर अलग-अलग रंगों में खूबसूरत फूल आते हैं। वे लगातार नम मिट्टी के साथ आंशिक से पूर्ण छाया में पनपते हैं। इसलिए, इन्हें छायादार हिस्से में बिना किसी परेशानी के रखा जा सकता है।

### जापानी फोरेस्ट:

ग्रास घास की यह किस्म शेड टॉलरेंट है, जिससे आपके गार्डन एरिया और भी अधिक ग्रेसफुल बनता है। इसे आप हल्की छाया से लेकर पूरी छायादार जगह पर रख सकती है। नि

### लिली ऑफ द वैली

यह एक खुशबूदार पौधा है, जो बेल के आकार का होता है। यह देखने में भी बेहद खूबसूरत लगता है और इसलिए इसे आउटडोर या इनडोर आसानी से रखा जा सकता है। इन्हें आंशिक से लेकर पूरी तरह छायादार एरिया में रखा जा सकता है।



# ट्रॉली बैग क्लीन करने के तरीके



सफर के दौरान हमारा ट्रॉली बैग धूल, मिट्टी, गंदगी का भी सामना करता है जिस कराण यह जल्दी गंदा हो जाता है। कई बार हम सफर से वापस आने के बाद बिना बैग को साफ किए इसे वैसे ही घर के एक कौने में रख देते हैं, जिस कारण इसमें से बदबू भी आने लगती है। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स और ट्रिक्स लेकर आए हैं, जिसकी मदद से आप घर पर ही अपने ट्रॉली बैग को साफ कर सकते हैं।

### हाथ से करें सफाई

अगर आपका ट्रॉली बैग कपड़े का बना है तो आप इसे अपने हाथ से साफ कर सकते हैं। बना है और हाथ धोने के लिए उपयुक्त है, तो एक बाथटब को गुनगुने पानी से भरे और फिर इसमें लिक्विड डिटर्जेंट डालें। अब अपने बैग को साबुन के पानी में डुबोएं और हल्के हाथों से ब्रश से रगड़कर साफ करें। फिर इसे साफ पानी से साफ कर दें और धूप में सूखने के लिए रख दें।

### स्पॉट क्लीनिंग

सफर के दौरान बैग के बाहरी हिस्से पर छोटे-छोटे दाग या धब्बे पड़ जाते हैं। ऐसे में आप स्पॉट क्लीनिंग की मदद से इसे साफ कर सकते हैं। आपको बस हल्के डिटर्जेंट और पानी के मिश्रण में साफ कपड़े या स्पंज को भिगोना है। फिर हल्के हाथों से दाग वाले क्षेत्र को साफ करना है। जब एक बार दाग साफ या हल्का हो जाए तो इसे सुखे और साफ कपड़े से साफ कर दें।

### ट्रॉली बैग के पहियों की सफाई

ट्रॉली बैग के पहियों में गंदगी और मलबा जमा हो जाता है। ऐसे में उन्हें साफ करने के लिए आप एक कपड़े या स्पंज को पानी और हल्के डिटर्जेंट में भीगो लें। इसके बाद अपने ट्रॉली बैग के पहियों को अच्छे से साफ करें और उस पर लगी गंदगी को निकाल दें। आखिर में साफ पानी से इसे धोना ना भूले।



# फूलगोभी की चटपटी कढ़ी

### आवश्यक सामग्री

फूलगोभी- 1 1/2 कप कटी हुई, काबूली चने-1 कप, उबले हुए प्याज 1 कप, कटी हुई टमाटर 1/2 कप कटे हुएहरी मिर्च 1, कटी हुई तेज पत्ता 1, अदरक लहसुन का पेस्ट, 1 चम्मच राई, आधा चम्मच हल्दी पाउडर, आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, आधा चम्मच गरम मसाला, आधा चम्मच, स्वादानुसार नमक, छौंक के लिए तेल


### बनाने की विधि

✓ फूलगोभी की कढ़ी बनाने के लिए सबसे पहले किसी बर्तन में फूलगोभी को थोड़ा पानी डालकर उबलने रख दें।

✓ अब पैन में तेल डालकर गर्म कर लें। इसमें राई, तेजपत्ता और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर थोड़ी देर भून लें।

✓ अब इसमें प्याज और हरी मिर्च डालकर गोल्डन होने तक फ्राई कर लें।

✓ इसके बाद टमाटर डाल दें और नरम होने तक पकाएं। फूलगोभी जब हल्की गल जाए, तो इसे पानी से अलग निकाल कर रख लें।



✓ जब टमाटर गल जाएं, तो इसमें हल्दी और लाल मिर्च डालकर मसाले को तब तक भूने जब तक ये तेल न छोड़ दे।

✓ इसके बाद मसाले में फूलगोभी, चने, गरम मसाला, नमक और पानी डालकर इसे 5 मिनट तक पकाएं।

✓ जब सभी चीजें अच्छी तरह से मिक्स हो जाएं तो गैस बंद कर दें।

इसे हरा धनिया डालकर गार्निश करें और सर्व करें।

✓ फूलगोभी की कढ़ी रोटी और चावल के साथ बहुत स्वादिष्ट लगती है।



# ग्लिटरी शेड से रंगें नाखूनों को

### गोल्ड

आप गोल्ड से कभी भी उक्ता नहीं सकते. फिर चाहे बात कपड़ो की हो, ऐक्सेसरीज की या ब्यूटी प्रॉडक्ट्स की. गोल्ड एक ऐसा शेड है, जो भीड़ में आपको सबसे अलग दिखा सकता है. इस शेड को अपने नाख़ूनों पर सजाएं और इसका जादू चलने दें. बेस कोट लगाएं और दो कोट्स मेटैलिक गोल्ड नेल पेंट के लगाएं.

### एमरल्ड ग्रीन

इस शेड को अपने मैनिक्योर किट में ज़रूर रखें. बेस कोट लगाएं और फिर उसपर एमरल्ड ग्रीन कलर लगाएं. नाख़ूनों को सूखने के लिए कम से कम 10 मिनट तक का वक़्त दें. स्पार्कलिंग नाख़ून चाहती हैं, तो हाइ-शाइन ग्लिटर ग्लॉस का फ़ाइनल टॉप कोट लगाएं.

### सफ़ायर ब्लू

यदि आपकी रंगत गोरी है, तो इस शेड से अपने नाख़ूनों को सजाने में बिल्कुल देरी न करें. वैसे यह शेड सांवली रंगत पर भी अच्छा लगता है. क्लासी नेल्स पाने के लिए बेस कोट यानी सफ़ायर ब्लू से नाख़ूनों को तैयार करें. सुनहरे रंग के नेलपेंट से नाख़ून के बीचोंबीच ट्राइऐंगल बनाएं. बीच वाले नाख़ून और अंगूठे पर के ट्राइऐंगल को नाख़ून के सिरों तक लगाएं. वहीं बाक़ी नाख़ूनों पर छोटा-सा ट्राइऐंगल बनाएं. चाहें तो आप सुनहरे रंग से अलग-अलग ज्योमेट्रिकल शेप्स भी बना सकती हैं.



### पर्पल ग्लिटर

गहरे शेड को ग्लिटर के साथ आज़माने का इससे बेहतर तरीक़ा क्या होगा? पर्पल शेड के दो कोट्स लगाएं. नेल कलर को सूखने दें. जब पॉलिश अच्छी तरह सेट हो जाए, तो थोड़ा-सा ग्लिटर पहली दो उंगलियों पर थपथपाएं. अब ऊपर से क्लियर टॉप कोट लगाएं, ताकि ग्लिटर्स सेट हो सकें.

## सलमान खान- सैफ अली खान दिखेंगे साथ?

फिल्म 'रेस' फ्रेंचाइजी के चौथे पार्ट पर काम चल रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म के प्रोड्यूसर रमेश तौरानी ने 'रेस 4' की शूटिंग और अन्य जानकारी शेयर की थी। अब इससे जुड़ी एक अपडेट सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'रेस 4' में सलमान खान और सैफ अली खान नजर आ सकते हैं। दोनों एक्टर्स इस फिल्म में एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी उन्होंने स्क्रिप्ट पर मंजूरी नहीं दी है। अगर इस फिल्म में दोनों एक्टर्स ऑफिशियल तौर पर काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं तो ऐसा पहली बार होगा जब बॉलीवुड के ये दोनों खान इस फ्रेंचाइजी में साथ दिखाई देंगे। सलमान खान और सैफ अली खान ने फिलहाल फिल्म में काम करने के लिए हां कर दिया है।



हालांकि, दोनों अपना फाइनल अप्रूवल फिल्म की स्क्रिप्ट पर हामी भरने के बाद ही देंगे। मीडिया से बात करते हुए एक सूत्र ने बताया, "रमेश तौरानी सलमान खान और सैफ अली खान, दोनों से बातचीत कर रहे हैं, लेकिन दोनों खान फिल्म की स्क्रिप्ट पर अप्रूवल देने के बाद ही इस फिल्म में शामिल होने पर मुहर लगाएंगे। जब तक स्क्रीनप्ले शानदार नहीं होगा, तब तक आगे बढ़ने का कोई मतलब नहीं है।" बता दें कि निखिल आडवाणी रेस 4 को डायरेक्ट करेंगे। सूत्र ने इस बात की पुष्टि भी की है। 'रेस' एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके अभी तक 3 पार्ट आ चुके हैं। फिल्म के पहले 2 पार्ट में सैफ अली खान ने लीड रोल निभाया था और रेस 3 में सलमान खान नजर आए थे। अब इसके चौथे पार्ट यानी 'रेस 4' में सलमान और सैफ दोनों एक साथ नजर आ सकते हैं।



## फूड पॉइजनिंग की शिकार हुईं जान्हवी

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर कथित तौर पर फूड पॉइजनिंग के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। गुरुवार को अभिनेत्री को कमजोरी महसूस होने के बाद अस्पताल ले जाया गया। कथित तौर पर, उन्होंने अपने काम को भी टाल दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जान्हवी को बुधवार को कमजोरी और बेचैनी महसूस हो रही थी, जिसकी वजह से वह बिस्तर पर थीं। जान्हवी की एक करीबी दोस्त ने बताया कि उन्हें फूड पॉइजनिंग हुई है, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उन्होंने अपने सारे अपॉइंटमेंट्स को टाल दिया। गुरुवार को उनकी हालत और भी खराब हो गई। इसलिए, परिवार ने उन्हें उचित इलाज दिलाने के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी दोस्त ने यह भी कहा कि अब वह ठीक हो रही हैं, हालांकि अभी भी बहुत कमजोर हैं।

## उर्वशी रौतेला की बढ़ी मुसीबतें



फेमस एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। कुछ दिनों पहले उनका बाथरूम से वीडियो लीक हुआ था और अब उनकी कॉल रिकॉर्डिंग वायरल हो गई है। इसमें वो वायरल वीडियो की वजह से एंग्री हैं और सामने वाले को लताड़ लगाती दिख रही हैं। उर्वशी रौतेला के इस कॉल रिकॉर्डिंग वाले ऑडियो को लोग सोशल मीडिया पर जमकर शेयर कर रहे हैं। वायरल क्लिप में एक्ट्रेस मैनेजर से पूछते हुए सुना जा सकता है, 'क्या आपने वीडियो देखा है? मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि ये चीजें कैसे बाहर आ रही हैं? मुझे तुरंत उनके साथ कॉल पर बात करनी होगी।' इसके बाद मैनेजर उन्हें विश्वास दिलाता दिख रहा है कि वो वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद वो किसी को उनसे बात करने और माफी मांगने की बात कहती सुनाई दे रही हैं। मगर हैरानी की बात ये है कि एक्ट्रेस की कॉल रिकॉर्डिंग बाहर कैसे आई। क्या उनका फोन टैप हो गया है अगर हैं तो ये किसके इशारे पर किया जा रहा है। अभी इन सारे सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। कुछ दिनों पहले वो शूटिंग करते हुए घायल हो गई थीं। उन्हें हॉस्पिटल ले जाना पड़ा था। लगता है उर्वशी के दिन सही नहीं चल रहे हैं।

## भूमि पेडनेकर नहीं करना चाहतीं किसी एक्टर को डेट

**बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर 18 जुलाई को अपना बर्थडे सेलिब्रेट की हैं। कभी बढ़े हुए वजन के साथ इंडस्ट्री में कदम रखने वाली भूमि आज फिटनेस और खूबसूरती के मामले में कई एक्ट्रेसेस को टक्कर देती नजर आती है। भूमि पेडनेकर उन बॉलीवुड स्टार्स में से एक हैं, जिन्होंने बिना किसी गॉडफादर के अपनी पहचान बनाई है। भूमि ने बताया था कि वह किसी भी एक्टर को डेट नहीं करना चाहती हैं।**

इस बात के पीछे वजह भी काफी चौंकाने वाली है। डेट और शादी से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए भूमि ने कहा था, अगर मैं किसी एक्टर को डेट करती हूं तो मुझे नहीं लगता कि हमारे बिजी शेड्यूल की वजह से हम एक-दूसरे को समय दे पाएंगे। यह नामुमकिन है। अगर मैं किसी को डेट करुंगी तो वह इस इंडस्ट्री का नहीं होगा। एक्ट्रेस ने कहा था, मुझे लगता है कि एक्टर को डेट करने से मेरी जिंदगी सीमित हो जाएगी। मैं जिंदगी भर सिर्फ फिल्मों की बातें नहीं करना चाहती। मुझे नहीं लगता कि मैं किसी एक्टर को डेट करुंगी। भूमि पेडनेकर ने अपने परिवार और स्ट्रगल के बारे में भी बात की थी। उनके पिता का निधन तब हो गया था जब वह सिर्फ 18 साल की थीं। भूमि पेडनेकर ने बताया था कि उनकी बहन समीक्षा तब 15 साल की थी और मां ने एक सिंगल मदर की तरह दोनों की परवरिश की। भूमि ने कहा था कि वह अपने परिवार को किसी योद्धा से कम नहीं समझती हैं, क्योंकि उन्होंने काफी संघर्ष किया है।



## तलाक की पोस्ट पर अभिषेक का आया रिएक्शन



मेगास्टार अमिताभ बच्चन की फैमिली में लगता है सबकुछ ठीक नहीं है। अंबानी परिवार की शादी में अमिताभ और अभिषेक बच्चन अपने परिवार के साथ पहुंचे, लेकिन ऐश्वर्या अपनी बेटी के साथ अकेले गईं। तब फिर से कहा जाने लगा कि ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन का तलाक हो चुका है इसलिए दोनों अलग-अलग इवेंट में पहुंचे। इसी बीच अभिषेक बच्चन ने कुछ ऐसा किया है कि फिर से ऐश-अभि के तलाक की खबरें आने लगीं। दरअसल, अभिषेक बच्चन ने सोशल मीडिया पर एक एक तलाक की पोस्ट को लाइक किया है। इसकी शुरुआत में कुछ ऐसा लिखा था- "जब प्यार आसान नहीं रह जाताजो जोड़े लंबे समय से शादीशुदा हैं, वे अब अलग हो रहे हैं। उनके इस निर्णय के पीछे क्या कारण है और ग्रे तलाक की दर क्यों बढ़ रही है?" अभिषेक बच्चन के इस पोस्ट को लाइक करते ही ये तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। इस पर लोग भी रिएक्ट करने लगे और बोलने लगे कि बच्चन फैमिली में ये क्या चल रहा है। वहीं एक ने लिखा अभिषेक बच्चन को ऐसा नहीं करना चाहिए था। उधर ऐश्वर्या राय भी अपनी बेटी के साथ कहीं अकेले निकल गई हैं। उन्हें कुछ दिनों पहले मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया था। यहां से उनका वीडियो भी वायरल हुआ था। तभी लोगों ने ऐश्वर्या राय और अभिषेक के डिवोर्स के बारे में बातें की थी।

## ब्रेकअप के बाद मलाइका की जिंदगी में प्यार की दस्तक!

एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा इन दिनों स्पेन में छुट्टियां मना रही हैं। यहां से उन्होंने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें एक मिस्ट्री मैन भी दिखाई दे रहा है। मलाइका की इस फोटो को देख लोगों को लग रहा है कि एक्ट्रेस को फिर से प्यार मिल गया है। दरअसल, कुछ समय पहले खबर आई थी कि एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर जो लंबे अरसे से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं, उनका ब्रेकअप हो गया है। हालांकि, दोनों ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। मगर अब मिस्ट्री मैन के साथ एक्ट्रेस की तस्वीर देख लोग कहने लगे कि उन्हें फिर से कोई मिल गया है। मलाइका ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें उनकी टेबल के बगल में एक आदमी खड़ा है। इसे उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट किया है। यही तस्वीर अब इंटरनेट पर वायरल है। इसी के साथ मलाइका अरोड़ा ने एक और स्टोरी पोस्ट की है। इसमें उन्होंने लिखा- "आपका सबसे लंबा रिश्ता आपके दिल, दिमाग और शरीर के साथ होता है। उनके साथ दयालुता से पेश आएं।" मलाइका अरोड़ा स्पेन में थीं इसलिए वो अनंत अंबानी की शादी में भी शामिल नहीं हो पाईं। यहां पूरा बॉलीवुड पहुंचा था। हालांकि, उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर जोड़े को शुभकामनाएं दी थीं। वहीं रिलेशनशिप की बात करें तो अभी ये क्लीयर नहीं हुआ है कि तस्वीर में दिख रहा शख्स कौन है? अर्जुन कपूर और मलाइका के रिश्ते पर भी कोई अपडेट सामने नहीं आया है। दोनों ने अपने ब्रेकअप की खबरों पर चुप्पी साध रखी है।



## लहंगा-चोली पहन तमन्ना भाटिया ने फ्लॉन्ट किया अपना कर्वी फिगर



तमन्ना भाटिया साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग और खूबसूरती से फैंस का दिल जीत चुकी हैं। हाल ही में तमन्ना अनंत-राधिका की शादी में शामिल होने मुंबई पहुंची थीं। इस शादी शादी में तमन्ना ने अपने ट्रेडिशनल लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। तमन्ना भाटिया ने अपनी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। इन तस्वीरों में तमन्ना ब्लैक एंड गोल्डन कलर के लहंगा-चोली में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। तमन्ना ने लहंगे के साथ मैचिंग कलर की डीपनेक चोली पहनी हुई हैं, जो उनके लुक में बोल्डनेस का तड़का लगा रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने दुपट्टा कैरी किया है। एक्ट्रेस के आउटफिट पर हैवी वर्क देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस ने न्यूड मेकअप, आंखों में काजल, मांग टीका और बालों की स्टाइलिश चोटी के साथ अपना लुक कम्प्लीट किया है। तस्वीरों में तमन्ना एक से बढ़कर एक अंदाज में पोज देती दिख रही हैं। वहां अपना क्लीवेज और कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं।

## जल्द शादी करने वाली हैं श्रद्धा?

**श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'स्त्री' के मोस्ट अवेटेड सीक्वल 'स्त्री 2' की रिलीज के लिए तैयार हैं। 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आने वाली इस फिल्म में अभिनेत्री कॉमेडी और हॉरर का तड़का लगाने के लिए तैयार हैं। निजी जीवन की बात करें तो श्रद्धा के बारे में पिछले काफी समय से यह अफवाह है कि वह स्क्रिप्ट राइटर राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। अब 'स्त्री 2' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर उन्होंने अपनी शादी के प्लान के बारे में खुलकर बात की है। फिल्म 'स्त्री 2' के कलाकार और क्रू आज मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के लिए एक साथ आए।**



श्रद्धा कपूर गोल्डन-रेड साड़ी, ग्लैमरस मेकअप और बंधे बालों में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। अपने रिश्ते और शादी के प्लान के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए, अभिनेत्री ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, "वह स्त्री है, उसे जब दुल्हन बनना है वो बनेगी।" इससे पहले श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर राहुल मोदी के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर जाहिर किया था। उन्होंने राहुल के साथ एक सेल्फी पोस्ट की और एक मजेदार कैप्शन भी लिखा। तस्वीर में श्रद्धा और राहुल सफेद रंग के कपड़ों में नजर आ रहे थे, जिसमें श्रद्धा, राहुल के हाथ में हाथ डाले नजर आई थीं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, "दिल रख ले, नींद तो वापस दे दे यार।" श्रद्धा ने इस पोस्ट के साथ बैकग्राउंड में फिल्म 'इश्क' का गाना 'नींद चुराई मेरी' भी इस्तेमाल किया था। श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की 'स्त्री 2' में पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना मुख्य भूमिका में हैं। जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान द्वारा प्रस्तुत इस हॉरर कॉमेडी फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है।



## 'गोविंदा की सुस्ती और अंधविश्वास के कारण उनका कैरियर बर्बाद हुआ'

**बॉलीवुड में अभिनय, डांस और कॉमेडी के लिए मशहूर अभिनेता गोविंदा को आज किसी पहचान की जरूरत नहीं है। अभिनेता अपनी हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। गोविंदा इन दिनों भले ही फिल्मों से दूर हैं, लेकिन अक्सर रिएलिटी शोज में नजर आते रहते हैं। गोविंदा ने अपने करियर में आसमान छुआ है तो उथल-पुथल भरे दौर को भी देखा है।**

अब प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी ने अभिनेता को लेकर कुछ गंभीर दावे किए हैं, जिसके बाद पहलाज का यह बयान खूब सुर्खियां बटोर रहा है। गोविंदा को इंडस्ट्री में उनके दोस्त प्यार से 'ची-ची' बुलाते हैं। गोविंदा एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्होंने अपने करियर में कई हिट फिल्में की हैं। उन्होंने शोला और शबनम, आंखें, इल्जाम और अन्य फिल्मों के लिए फिल्म निर्माता पहलाज निहलानी के साथ भी काम किया है। अब हाल ही में, पहलाज ने बताया कि गोविंदा के करियर के डाउनफॉल का कारण क्या था। यूट्यूब पर फ्राइडे टॉकीज से बात करते हुए निर्माता ने बताया कि गोविंदा धीरे-धीरे अंधविश्वासी होते गए। इसके अलावा, वह हमेशा थोड़े भोले-भाले थे। अपने दावों के समर्थन में उदाहरण देते हुए पहलाज ने कहा कि वह कहते थे कि सेट पर झूमर गिरने वाला है और इसलिए, सभी को एक तरफ हटने के लिए कहते थे। निर्माता ने आगे कहा कि कई बार गोविंदा अपने अंधविश्वासों के आधार पर लोगों को अपने कपड़े बदलने का निर्देश देते थे।" इतना ही नहीं, वह कुछ दिनों में कुछ खास काम करने से भी मना कर देते थे और शूटिंग के लिए देर से आने की आदत रखते थे। पहलाज निहलानी ने कहा, "यह सब, उनकी सुस्ती और भोलापन के साथ मिलकर उसके डाउनफॉल का कारण बना।"



## पंकज उधास को समर्पित 'गजल का एक त्योहार है'

इस वर्ष खज़ाना, 26 और 27 जुलाई को ट्राइडेंट,नरीमन पॉइंट में आयोजित होने वाला गजल का एक त्योहार है और यह प्रसिद्ध गजल वादक पद्मश्री श्री पंकज उधास को समर्पित है, जो खज़ाना की विरासत को उनकी याद में आगे बढ़ाया जाएगा। खज़ाना, गजल 2024 का एक महोत्सव कैंसर रोगी सहायता संघ (CPAA) और माता-पिता संघ थैलासेमिक यूनिट ट्रस्ट (PATUT) की सहायता से आयोजित किया जा रहा है। प्रख्यात ग़ज़ल गायक अनूप जलोटा, तलत अजीज़, हरिहरन, रेखा भारद्वाज, विशाल भारद्वाज, पापोन, सुदीप बनर्जी, रूना रिज़वी, पृथ्वी गंधर्व, शिवानी वासवानी, श्राबोनी चौधरी, मीनल जैन, पूजा गायतोंडे के साथ-साथ थैलेसीमिक और कैंसर रोगियों ने मिलकर ट्राइडेंट में थैलेसीमिक बच्चों और कैंसर रोगियों के लिए धन जुटाने के नेक कारण के लिए ग़ज़ल 2024 के एक त्योहार खज़ाना की घोषणा की।

# आरटीई के तहत दाखिला न लेने वाले स्कूलों पर हो सख्त कार्यवाही : एडीएम (प्रशासन)

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आर.टी.ई. के तहत के विद्यार्थियों का शत् प्रतिशत दाखिले न करने वाले स्कूल संचालकों की समीक्षा बैठक हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष स्कूल संचालकों को आ रही समस्याओं एवं अभिभावकों द्वारा दिए जाने वाले प्रपत्र जैसे आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अन्य वार्ड का निवासी आदि के संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन को विस्तार से अवगत कराया गया।



अपर जिला जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि आरटीई के तहत विद्यार्थियों के दाखिले न करने वाले स्कूलों के खिलाफ कठोर करवाई सुनिश्चित की जाये। आवेदकों द्वारा यदि फर्जी दस्तावेज जमा कराये गये हैं तो उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जाये और फर्जी दस्तावेज जारीकर्ता अधिकारी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। आगे से कोई भी आवेदक अपने वार्ड के स्कूल का नाम ही भरे वार्ड से बाहर के स्कूल का नाम न भरे। स्कूल प्रबंधकों द्वारा बताया गया कि आरटीई अधिनियम के अनुसार ही जो विद्यार्थी शत प्रतिशत पात्र है, उसी का दाखिला लिया जाता है।

अपर जिला अधिकारी प्रशासन ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन स्कूल संचालकों द्वारा दाखिले में आनाकानी की जा रही, उन स्कूलों को जवाबदेही नोटिस भेजा जाये एवं शत् प्रतिशत दाखिले नहीं देने वाले स्कूल संचालकों को एक सप्ताह के अन्दर दाखिले करने के निर्देश दिये। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि स्कूल संचालकों द्वारा दाखिला क्यों नहीं लिया गया, इसकी जानकारी प्रत्येक स्कूल से कारण सहित लें, ताकि मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, संबंधित अधिकारीगण एवं स्कूल संचालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# ग्रेटर नोएडा की 40 आरडब्ल्यूए प्राधिकरण के खिलाफ सड़क पर उतरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा शहर की 40 आरडब्ल्यूए ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को 40 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे और अधिकारीयों से मिले तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में फेडरेशन ने प्राधिकरण को शहर की समस्त समस्याओं से अवगत कराया और उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इनकी समस्या हल नहीं हुई तो प्राधिकरण के दोनों गेट पर ताला जड़ देंगे तथा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे।

फेडरेशन ऑफ़ आरडब्ल्यूएज के उपाध्यक्ष आलोक नागर ने बताया कि आज पैदल मार्च कर सांकेतिक रूप से प्राधिकरण के गेट को बंद किया और एक 7 सूत्रीय ज्ञापन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा को सौंपा। उन्होंने बताया कि ज्ञापन में घरों से निकलने वाले कूड़े के चार्ज को वापिस लेने, पानी के बिलों में बढ़ोत्तरी को रोकने, प्राधिकरण में बढ़ते हुए भ्रष्टाचार को बंद करने, फेडरेशन व प्राधिकरण की बैठक, ठेकेदारों और अधिकारियों की मनमानी को रोकने, मित्र एप की मॉनिटरिंग सक्षम अधिकारी करे और शहर में प्रस्तावित बड़ी योजनाएं जैसे बोडकी जंक्शन, बस डिपो आदि पर कार्य को लेकर सौंपा है।

उपाध्यक्ष आलोक नागर ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ठीक तरह से अपना काम नहीं कर रहा है। फेडरेशन ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को व्यवस्था को सुधारने और फेडरेशन की मांगों को पूरा करने के लिए 15 दिन का समय दिया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण इन पर कार्य नही



करता है तो फेडरेशन सेक्टरों में जाकर आमजन को जोड़कर एक बड़ा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी और प्राधिकरण के दोनों गेट पर ताला जड़ देंगे। उन्होंने बताया की ओएसडी हिमांशु वर्मा ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

इस मौके पर बिजेंद्र मालिक, सतीश भाटी, योगेन्द्र मावी, रणजीत प्रधान, देवराज नागर, इंजी श्यामवीर सिंह भाटी, लोकेश चौहान , तिलक्राम भाटी, सुशील शर्मा, अरविंद भाटी, सुभाष भाटी, कुंवर पाल नागर, एस पी कर्दम, युधिष्ठिर शर्मा, नीरज कौशिक, प्रेम सिंह, राजकुमार, दीपक ठाकुर, अरविंद पहलवान, अजय चौधरी,राजेश डेढ़ा, सूरत नागर, बलराज हूण, रवि भाटी, जितेंद्र शर्मा, गीतिका सक्सेना, सुरेन्द्र शर्मा , परितोष भाटी, शेर सिंह भाटी, जितेंद्र भाटी, संजय कसाना, एनपी सिंह , जितेंद्र भाटी एड0, रिशिपाल भाटी , सतीश शर्मा,जसवंत सिंह, प्रमोद भाटी,धन प्रकाश शर्मा, धर्मवीर मावी,बीरेश बेसला, नवीन शर्मा, मनीष भाटी, अजब सिंह, मनोज नागर, पवन नागर, गजेन्द्र सिंह जी, आलोक साध, राजकुमार, डॉक्टर राकेश चपराना, सुधीर चौधरी, मंतवीर बैशला,उदयवीर तोंगड़, सुधीर त्यागी , जितेंद्र मावी, अनिल खटाना, अरूण शर्मा, पंकज शर्मा,प्रदीप भाटी, भुवनेश गर्ग, क्रिस्टोफर, अमृता सिंह, के.पी.मावी, ब्रजेश भाटी, सतवीर सिंह, अहलकर प्रधान, अमित, पंकज, राजेश शर्मा प्रमोद प्रधान, उपेन्द्र, हृदेश, राजेश तिवारी आर0के सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# शूटिंग में प्रेहा त्यागी का शानदार प्रदर्शन

**नोएडा (चेतना मंच)।** श्रीराम मिलेनियम स्कूल की छात्रा प्रेहा त्यागी ने सीआईएससीई की यूपी और यूके रीजनल शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।



प्रेहा त्यागी ने यूपी और यूके रीजनल शूटिंग प्रतियोगिता में अंडर 14 गर्ल्स 10 मीटर एयर पिस्टल श्रेणी में भाग लेते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले प्रेहा अनेक इंटर स्कूल, जनपद स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीत चुकी है। प्रेहा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच वेस्ट ईगल शूटिंग अकैडमी की डायरेक्टर पारूल मलिक व अपने स्कूल को दिया। प्रेहा ने बताया कि अब वे इंडिया टीम के ट्रायल्स के लिए तैयारी कर रही हैं। श्रीराम मिलेनियम स्कूल की निदेशक उत्तरा सिंह व प्रधानाचार्य मिलेनियम रमनजीत सिंह नेगी ने प्रेहा को सम्मानित किया।

# दाखिला न लेने वाले स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

## डीएम की गठित कमेटी की बैठक में बीएसए ने की घोषणा

**नोएडा (चेतना मंच)।** शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत आवेदन करने वाले छात्रों का दाखिला न लेना करीब एक दर्जन स्कूलों पर भारी साबित हो रहा है। उनकी मान्यता रदद की जाएगी। आज जिलाधिकारी मनीष वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) राहुल तंवर ने यह घोषणा की है।



(फाइल फोटो)

इन स्कूलों में बाल भारती पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रामाज्ञा स्कूल, द मिलेनियम स्कूल, समसेरा वर्ल्ड एकेडमी, दरबारी लाल फाउंडेशन वर्ल्ड स्कूल, राघव ग्लोबल स्कूल, शिव नादर स्कूल, आर्मी पब्लिक स्कूल, फार्चून वर्ल्ड स्कूल, संस्कार रोजा जलालपुर, आक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल शामिल हैं।

इन स्कूलों पर कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी ने एक कमेटी गठित की थी। जिसकी बैठक बृहस्पतिवार को की गई। एसडीएम वेद प्रकाश की अध्यक्षता में गठित कमेटी में जिला दिव्यांग अधिकारी आशीष कुमार, मायावती इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती छवि सिंह को शामिल किया गया।

# कौशल विभाग में महिला विकास की अपार संभावनाएं : डा. राजकुमार सांगवान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बागपत लोकसभा के विधानसभा छपरौली में स्थित चौधरी चरण सिंह पुस्तकालय में नारी शक्ति संगठन राष्ट्रीय लोक दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मनीष एहलावत के नेतृत्व में बागपत लोकसभा के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान का जोरदार स्वागत किया गया।



डॉ. सांगवान ने कौशल विभाग के बारे में नारी शक्ति को बहुत सी जानकारी दी तथा बताया किस तरीके से आप अपने आप को सशक्त बना सकती हैं कौशल विभाग के जरिए कोई भी कार्य करने में सक्षम हो सकती है तथा

## रालोद महिला प्रकोष्ठ ने किया सांसद का जोरदार स्वागत

महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया और चुनाव में दिए सहयोग का बार-बार आभार व्यक्त किया। सांसद ने तथा अन्य पदाधिकारियों ने मिलकर चौधरी चरण सिंह जी की मूर्ति पर फूलमाला अर्पित किये।

कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निशा चौधरी, पूनम गर्ग राष्ट्,ीय महासचिव, चेयरमैन रश्मि बागपत जिले के जिला अध्यक्ष क्षेत्रीय महासचिव अशोक चौधरी तथा अन्य पदाधिकारी गढ़ और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जेवरात, नकदी, तीन मोटर साइकिल व मोबाइल चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** बदमाशों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों से लाखों रुपए कीमत के जेवरात, नकदी, 3 मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया है। पीड़ितों की शिकायतों पर घटना की रिपोर्ट दर्जकर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि संजीव कुमार सेठ निवासी गौर सिटी एवेन्यू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल गौर सिटी वन के पास लगने वाले बाजार के पास खड़ी कर बाजार में सब्जी खरीदने चले गए। जब वह वापस आए तो उन्होंने देखा कि अज्ञात बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि सचिन चौहान पुत्र अशोक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह चौड़ा गांव में मकान किराए पर लेकर रहता है। पीड़ित के अनुसार अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर वहां रखे लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और 14 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया है।

थाना सेक्टर-24 में डॉ. शोएब अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मानव अस्पताल में डॉक्टर के रूप में काम करते हैं। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल अस्पताल के पास खड़ी की थी। वहां से अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि अनुज नागर निवासी ग्राम खोदना खुर्द ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल थाना बिसरख क्षेत्र से चोरी कर ली है।

थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि प्रकाश कुमार मोहाली ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेक्टर-59 में रहते हैं। वहां से अज्ञात चोरों ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नोएडा महानगर के जिलाध्यक्ष उमेश पहलवान के जन्मदिन पर गुलदस्ता भेंटकर बधाई देते ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति।**

# देवला गांव में नहीं बनी सड़क, बारिश में बन जाता है नर्क

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा व ग्रेटर नोएडा मे स्थित गांवों के विकास पर लाखों करोड़ों रूपये खर्च करने का दावा नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कर रहा है लेकिन गांवों मे विकास के नाम पर खर्च किया गया पैसा कहां खर्च हो रहा है इसकी तस्वीर सामने नहीं आ रही है। हालांकि बारिश के बाद ग्रेटर नोएडा और नोएडा के गांवों की जो हालत होती है उनकी बदहाली जरूर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। ऐसा ही एक गांव है ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के क्षेत्र में पड़ने वाला देवला गांव,जहां बारिश के बाद जो हालात पैदा हुए उन्हें देखकर आप भी हैरान हो जाएंगे।

ग्रेटर नोएडा स्थित देवला गांव सूरजपुर दादरी मेन रोड पर स्थित है। ग्रेटर नोएडा मे कुछ दिनों पूर्व हुई बारिश के बाद देवला गांव में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के इंतजामों की पोल खोलकर रख दी। बारिश के पानी से सड़क जलमग्न हो गई। देवला गांव में बने सरकारी स्कूल में जाने के लिए भी बच्चों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसके अलावा सड़क से गुजरने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है।





देवला गांव निवासी सोनू लोहिया ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की समस्या निस्तारण करने की गति बहुत ही धीमी है। उन्होंने बताया कि पिछले कई सालों से गांव की सड़को का निर्माण नहीं हुआ है। बारिश आने पर रोड पर पानी भर जाता है और चारों तरफ कीचड़ फ़ैल जाता है। इससे ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रेटर नोएडा के देवला गांव में जहा कीचड़ से सड़क भर जाती है। वहीं नालियों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी भी गांव की सड़कों पर बहता रहता है।

सोनू का कहना है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जिन किसानों की ज़मीन लेकर ऊँची ऊँची इमारतों, औद्योगिक इकाईयों व कंपनियां स्थापित कर रही है उन्ही गांव मे रहने वाले ग्रामीण नरकीय जीवन जी रहे है।

# वाटर पार्क में लापरवाही से हुई मौत की जांच शुरू

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट गौतमबुद्धनगर ने बताया कि संजय महेश्वरी पुत्र श्रीपाल महेश्वरी निवासी 2317 शिवाजी रोड आदर्श नगर दिल्ली के पुत्र धंनजय की जी0आई0पी0 मॉल के अन्दर वाटरपार्क में नियुक्त चिकित्सीय स्टाफ की लापरवाही से 7 अप्रैल 2004 को हुयी मौत की जांच किये जाने हेतु जांच कमेटी गठित कर जांच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

यदि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त के संबंध में अपना पक्ष प्रस्तुत करना चाहते हैं तो 04 दिन के भीतर (20 जुलाई 2024 तक) किसी भी कार्य दिवस में प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट गौतमबुद्धनगर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष लिखित या मौखिक रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं तथा अपने कथन के समर्थन में यदि कोई साक्ष्य या सबूत देना चाहें तो उसे भी उपलब्ध कराने हेतु स्वच्छंद हैं।

